राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 303
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 26 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 प्रधानमंत्री ने गौतमबुद्धनगर में यूपी इण्टरनेशनल ट्रेड-शो के तीसरे
पेज 4 जिला स्तरीय सतर्कता और मॉनीटरिंग समिति की बैठक सम्पन्न
पेज 6 विराट के विश्वकप खेलने की संभावनाएं कम हुई, बीसीसीआई

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली के सीलमपुर में 15 साल के लड़के की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीलमपुर इलाके में गुरुवार शाम 15 साल के लड़के की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिस पर हालात काबू में रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस के मुताबिक, चाकूबाजी में घायल लड़के को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जहां घटना हुई, वहां से फॉरेंसिक टीम ने सबूत जुटाए हैं। आरोपी भी नाबालिग है, वो हिरासत में है। वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद किया गया है।


### मालेगांव ब्लास्ट केस में बरी ले. कर्नल पुरोहित का प्रमोशन

**मुंबई ।** 2008 मालेगांव ब्लास्ट में बरी किए जाने के बाद लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित को कर्नल के पद पर प्रमोशन मिल गया है। ये प्रमोशन उन्हें 17 साल के लंबे इंतजार के बाद मिला। 31 जुलाई 2025 को मुंबई की स्पेशल कोर्ट ने कर्नल पुरोहित समेत मामले के सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। इस ब्लास्ट में 6 लोगों की मौत हो गई थी तो वहीं 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। कुछ दिन पहले ही मालेगांव ब्लास्ट केस में कोर्ट के फैसले के बाद ऐसी जानकारियां आई थीं कि सेना ने लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित के करियर पर पिछले 16 साल से लगा डिसिप्लिन एंड विजिलेंस बैन हटा दिया है।



### हैप्पी मॉर्निंग


दो लड़कियां आपस में लड़ रही थीं
उनको आपस में लड़ता देख एक
शराबी वहीं रुक गया पहली
लड़की- भगवान करे तेरी शादी
किसी शराबी से हो जाए दूसरी
लड़की- नहीं भगवान करे
तेरी हो जाए इतने में
शराबी बोला- मैं रुकूं
या जाऊं?



### शायरी

भरे बाज़ार में सच की दुकानों पर
है सन्नाटा
तिजारत झूट की चमकी है मक्कारी
की बातें हैं

### अर्थसार



संसेक्स:
81,159.68
-555.95 (0.68%)
निफ्टी:
24,890.85
-166.05

### मौसम



अधिकतम : 35 डिग्री से0
न्यूनतम : 24 डिग्री से0
सूयोदय शनिवार : 6 : 15
सूर्यास्त शुक्रवार : 6 : 26

# लेह हिंसा, स्कूल-कॉलेज 2 दिन तक बंद, अबतक 50 गिरफ्तार

## वांगचुक बोले- मुझे बलि का बकरा बनाया; केंद्र ने उनके एनजीओ का विदेशी फंडिंग लाइसेंस रद्द किया

**लेह।** लेह हिंसा मामले में पुलिस ने अब तक 50 लोगों को गिरफ्तार किया है। यहां के सभी स्कूल-कॉलेज और आंगनबाड़ी केंद्र अगले 2 दिन और बंद रहेंगे। यहां लगातार तीसरे दिन कर्फ्यू जारी है।

वहीं, लद्दाख के सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने गुरुवार को कहा- मुझे बलि का बकरा बनाया जा रहा है।

लेह में हिंसा भड़काने के आरोप गलता हैं। इससे हालात सुधरेंगे नहीं, बल्कि और बिगड़ेंगे।

लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने सिक्योरिटी एजेंसियां के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि साजिश के तहत लेह में हिंसा हुई। अब कारगिल में भी बीएनएस की धारा 163 लागू की गई है।

उधर, सीबीआई ने वांगचुक की एनजीओ हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ ऑल्टरनेटिव्स लद्दाख (HIAL) के खिलाफ विदेशी फंडिंग (FCRA) मामले में जांच शुरू की है। उनके एनजीओ का FCRA लाइसेंस भी रद्द किया है।

उनके एनजीओ HIAL और स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख पर विदेशी चंदा कानून के उल्लंघन का आरोप है।

दरअसल, लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर लेह में 24 सितंबर को आंदोलन हुआ। इस दौरान हिंसा में 4 लोगों की मौत हुई। 80 से ज्यादा आंदोलनकारी और 30 सुरक्षाकर्मी घायल हुए।

### एफसीआरए क्या है...

एफसीआरए का मतलब है फॉरेन कॉन्ट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट। अगर कोई भारतीय एनजीओ या संस्था विदेश से पैसा लेना चाहती है (चाहे दान, ग्रांट, चैरिटी या किसी प्रोजेक्ट के लिए) तो उसे पहले सरकार से एफसीआरए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। बिना इस लाइसेंस के विदेश से आया पैसा लेना या इस्तेमाल करना गैरकानूनी है।



### सीबीआई वांगचुक के एनजीओ के अकाउंट्स की जांच कर रही

सीबीआई की टीमें लद्दाख में डेरा डाले हुए हैं। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। सीबीआई टीम एनजीओ के अकाउंट्स और रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

इस मामले में वांगचुक ने कहा कि करीब 10 दिन पहले सीबीआई की टीम गृह मंत्रालय का आदेश लेकर उनके पास आई थी। इसमें कहा गया था कि उनकी दोनों संस्थाओं ने विदेशी चंदा लेने के लिए जरूरी मंजूरी नहीं ली।

इस पर सोनम का कहना है कि उनकी संस्थाएं विदेशी चंदे पर निर्भर नहीं हैं। दोनों संस्थाएं जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त शिक्षा देती हैं। HIAL में तो छात्रों को प्रोजेक्ट्स पर काम करने के लिए स्टाइपेंड भी दिया जाता है।

### सीबीआई जांच पर वांगचुक ने कहा...

सीबीआई को केवल 2022 से 2024 तक के खातों की जांच करनी थी, लेकिन अब वे 2020 और 2021 के रिकॉर्ड भी देखने लगे हैं। यहां तक कि शिकायत से बाहर के स्कूलों से भी दस्तावेज मांगे जा रहे हैं।
पहले स्थानीय पुलिस ने उन पर राजद्रोह का केस लगाया। एक पुरानी चार साल पहले की शिकायत भी दोबारा खोली गई है, जिसमें मजदूरों को वेतन न देने का आरोप था।
सरकार ने HIAL को दी गई जमीन का पट्टा यह कहकर रद्द कर दिया कि लीज की रकम जमा नहीं की गई, जबकि उनके पास दस्तावेज हैं कि सरकार ने ही फीस न लेने की बात कही थी।
आयकर विभाग से भी नोटिस आया और अब सीबीआई जांच चल रही है।
लद्दाख में तो टैक्स ही नहीं है, फिर भी मैं स्वेच्छा से टैक्स देता हूं। इसके बावजूद नोटिस भेजे जा रहे हैं।आंसू गैस छोड़नी पड़ी।

# बिहार चुनाव से वोटों की गिनती का नया सिस्टम

## जब तक सभी पोस्टल बैलट न गिने जाएं, तब तक ईवीएम के आखिरी राउंड की काउंटिंग नहीं होगी



### चुनाव आयोग बोला- इससे पारदर्शिता आएगी

चुनाव आयोग ने कहा कि यह कदम काउंटिंग प्रोसेस में समानता और ज्यादा पारदर्शिता लाएगा। खासतौर से उन सेंटर्स पर जहां पोस्टल की गिनती की जाती है। इस बदलाव से यह तय होगा कि सभी वोटों की गिनती सही तरीके से और बिना किसी पक्षपात के पूरी हो सके।

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने वोटों की गिनती के नियमों में बदलाव किया है। अब पोस्टल बैलट की गिनती में अगर देरी होती है तो ईवीएम काउंटिंग रोक दी जाएगी। साथ ही बैलट ज्यादा होने पर काउंटिंग टेबल भी बढ़ाई जाएंगी। दरअसल काउंटिंग के दिन बैलट की गिनती सुबह 8: 00 बजे शुरू होती है, जबकि ईवीएम काउंटिंग 8: 30 बजे की जाती है। अभी तक यह होता था कि कई सेंटर पर मशीन से काउंटिंग जल्दी पूरी हो जाती थी, जबकि बैलट में समय लगता था। अब चुनाव आयोग के नए नियम के अनुसार, बैलट की गिनती बाकी होने पर ईवीएम के सेकेंड लास्ट राउंड की काउंटिंग को रोक दिया जाएगा। तब तक बैलट की काउंटिंग को पूरा करना होगा। इलेक्शन कमीशन ने गुरुवार को प्रेस नोट जारी करके इसकी जानकारी दी। नए नियम की शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से होगी।

### आसान भाषा में समझिए....

मान लीजिए किसी बूथ पर ईवीएम मशीनों में 10 हजार वोट डाले गए हैं।

इन्हें 5 राउंड में पूरा गिना जा सकता है। लेकिन बैलट वोट 1 हजार हैं और उनकी काउंटिंग में समय लग रहा है। तो ईवीएम काउंटिंग को चौथे राउंड पर रोक दिया जाएगा। जब तक कि बैलट के वोटों की गिनती पूरी न हो जाए।

## देशद्रोह मामले में रामपाल को झटका

**हिसार।** हरियाणा के हिसार में कोर्ट ने देशद्रोह मामले में रामपाल की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परमिंदर कौर ने पुलिस के जवाब और बहस के बाद गुरुवार को यह फैसला सुनाया। रामपाल के वकील महेंद्र सिंह नैन और सचिन दास अगले सप्ताह हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर करेंगे। इस मामले में 980 से अधिक आरोपी हैं। इनमें से रामपाल और हाल ही में गिरफ्तार एक आरोपी जेल में है। रामपाल चार आपराधिक मामलों से बरी हो चुके हैं। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हत्या के दो मामलों में उनकी सजा निलंबित कर दी है। करीब 19 साल पहले रोहतक के करौंथा आश्रम में समर्थकों और आर्य समाजियों के बीच हुए संघर्ष में एक युवक की हत्या हुई थी। 14 जुलाई 2014 को रोहतक अदालत में सुनवाई थी। यह सुनवाई हिसार अदालत से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होनी थी। इस दिन रामपाल के समर्थकों ने हिसार अदालत परिसर में उपद्रव किया। उन्होंने अदालत परिसर को घेरा, एक शीशा तोड़ा और वकीलों से मारपीट की।

### प्रदर्शन मार्च



ओडिशा के भुवनेश्वर में महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा के विरोध में ओडिशा विधानसभा तक प्रदर्शन मार्च के दौरान महिला कांग्रेस की सदस्य और समर्थक।

# दिल्ली यौन शोषण केस-छात्राओं को 'आई लव यू' मैसेज भेजा

## कपड़ों और बालों की तारीफ करता था, रात में कमरे में बुलाया; आरोपी चैतन्यानंद फरार

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च में खुद को गॉडमैन बताने वाले स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी पर कई छात्राओं के यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी छात्राओं को धमकाकर, अश्लील मैसेज भेजकर और विदेश यात्रा का लालच देकर अपने जाल में फंसाता था।

उसने कई बार स्टूडेंट को देर रात कमरे में बुलाया और कम ग्रेड देने की धमकी दी।


जांच के दौरान बरामद वॉट्सएप मैसेज में सामने आया कि चैतन्यानंद छात्राओं को 'बेबी', 'आई लव यू', 'आई अडोर यू' जैसे मैसेज भेजता था। इसके साथ ही उनके बालों और कपड़ों की भी तारीफ करता था।

पुलिस की जांच में सामने आया है कि तीन महिला वार्डन और फैकल्टी भी आरोपी की मदद करती थीं। वे छात्राओं पर दबाव डालकर चैट्स डिलीट करवातीं और उन्हें चुप रहने के लिए कहती थीं।

आरोपी अभी फरार है और उसकी आखिरी लोकेशन आगरा में मिली थी। दिल्ली पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- गंभीर मामलों में अदालतें रोज सुनवाई करें

## दुष्कर्म केस में चार्जशीट दायर होने के 2 महीने के अंदर सुनवाई पूरी करें



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विशेष रूप से संवेदनशील मामलों में रोज सुनवाई की परंपरा को पूरी तरह से छोड़ दिया गया है। अदालतों को इसे फिर से अपनाना चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने कोलकाता हाईकोर्ट के एक दुष्कर्म के मामले में आरोपी को जमानत देने के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई को दौरान ये टिप्पणी की।

कोर्ट ने ये भी कहा कि दुष्कर्म जैसे मामलों में चार्जशीट दायर होने के 2 महीने के अंदर सुनवाई पूरी करें। संविधान के अनुच्छेद 21 में तुरंत सुनवाई के अधिकार को जरूरी मानते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सभी हाईकोर्ट और निचली अदालतें इस मुद्दे पर गंभीरता से चर्चा करने के लिए एक समिति गठित करने की जरूरत है।

बेंच ने कहा- हम ईमानदारी से मानते हैं कि यह सही समय है कि अदालतें उस प्रथा पर वापस लौटें। महत्वपूर्ण या संवेदनशील मामलों में रोज सुनवाई हो, जो तीस साल पहले की परंपरा थी। पुरानी प्रथा पर वापस जाने के उद्देश्य से, वर्तमान सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक परिस्थिति को समझना आवश्यक है, जिसमें पुलिस के काम करने का तरीका भी शामिल है।

### विधवा-निसंतान महिला की संपत्ति पर ससुरालवालों का अधिकार

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हिंदू समाज में कन्यादान की परंपरा है, जिसके तहत जब एक महिला शादी करती है, तो उसका गोत्र भी बदल जाता है। ऐसे में विधवा और निसंतान हिंदू महिला की मौत के बाद उसकी संपत्ति उसके पति के परिवार को मिलेगी, न कि उसके अपने माता-पिता को। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 15(1)(बी) को चुनौती दी गई है। इस अधिनियम के तहत, अगर किसी विधवा और निसंतान हिंदू महिला की बिना वसीयत के मौत हो जाती है, तो उसकी संपत्ति उसके ससुरालवालों को मिल जाती है। सुप्रीम कोर्ट की एकमात्र महिला जज जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा- हमारे हिंदू समाज की जो संरचना पहले से है, उसे नीचा मत दिखाइए। महिलाओं के अधिकार जरूरी हैं, लेकिन सामाजिक संरचना और महिलाओं को अधिकार देने के बीच बैलेंस होना चाहिए।

# 'आइ लव मोहम्मद' अभियान का विरोध करने पर तोड़फोड़ और आगजनी, 60 आरोपी गिरफ्तार

**गांधीनगर।** इंटरनेट मीडिया पर चल रहे 'आइ लव मोहम्मद' अभियान का एक हिंदू व्यक्ति द्वारा विरोध करना भारी पड़ गया। इसकी प्रतिक्रिया में किए गए पोस्ट से अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भड़क गए। इस समुदाय के दर्जनों लोगों ने गुजरात की राजधानी गांधीनगर जिले के बहियाल गांव के हिंदू बहुल क्षेत्र में बुधवार रात तोड़फोड़, आगजनी और पथराव किया।

वाहनों और दुकानों को नुकसान पहुंचाया। इस मामले में पुलिस ने लगभग 60 आरोपितों को गिरफ्तार किया है।




देश के कई राज्यों में आइ लव मोहम्मद का विवाद जोर पकड़ रहा है। पुलिस अधीक्षक रवि तेजा ने बताया कि बहियाल गांव में हिंदू युवक ने इंटरनेट मीडिया पर प्रतिक्रिया स्वरूप एक पोस्ट कर दिया था। बुधवार रात्रि अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने इसका विरोध करते हुए चार दुकानों सहित लगभग छह वाहनों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए बल का प्रयोग किया। उसने भीड़ को तितर-बितर कर दिया।

# जैसलमेर में बॉर्डर से पकड़ा गया पाकिस्तानी जासूस

## आईएसआई को भेज रहा था सेना से जुड़ी सूचनाएं

**जयपुर।** राजस्थान की सीआईडी इंटेलिजेंस ने जैसलमेर में बॉर्डर से पाकिस्तानी जासूस हनीफ खान को गिरफ्तार किया है।

हनीफ खान पैसों के लालच में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को भारतीय सेना से जुड़ी गोपनीय सूचनाएं भेज रहा था।

आईजी पुलिस सीआईडी (सुरक्षा) डॉ. विष्णुकांत ने बताया- सीआईडी इंटेलिजेंस राजस्थान की टीम राज्य में जासूसी गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही थी। इस दौरान



हनीफ खान (47) पुत्र मीर खान निवासी बाहल गांव थाना पीटीएम मोहनगढ़, जैसलमेर की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। जांच में पता चला कि वह सोशल मीडिया के जरिए लगातार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के संपर्क में था।


## मानहानि केस

### 2 करोड़ मुआवजा मांगा, आरोप- आर्यन की सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड से इमेज बिगाड़ी

# समीर वानखेड़े ने शाहरुख खान पर मानहानि का केस किया

**मुंबई।** आर्यन खान ड्रग केस के जांच अधिकारी समीर वानखेड़े ने शाहरुख खान और उनकी प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज पर 2 करोड़ रुपए का मानहानि का केस दायर किया है। आरोप हैं कि आर्यन खान ने अपनी डायरेक्टोरियल सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड के जरिए समीर वानखेड़े की इमेज खराब की है।

समीर वानखेड़े ने एक बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में ये मानहानि का केस किया है। यह केस शाहरुख खान और गौरी खान की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट, ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स और कुछ अन्य के खिलाफ दायर किया गया है। इसमें उन्होंने कोर्ट से अपील की है कि इन लोगों पर रोक लगाई जाए, नुकसान की भरपाई की जाए और सच्चाई साफ की जाए। उनका कहना है कि 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' नाम की वेब सीरीज में एक झूठा और बदनाम करने वाला वीडियो दिखाया गया है, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचा।



बयान में आगे कहा गया है कि यह सीरीज ड्रग्स के खिलाफ काम करने वाली एजेंसियों को गलत और नकारात्मक तरीके से दिखाती है, जिससे जनता का इन एजेंसियों पर भरोसा कम हो जाता है।

### किस सीन पर हुआ विवाद?

दरअसल, सीरीज बॉलीवुड बैकड्रॉप पर बनी है। इसके पहले एपिसोड में दिखाया गया है बॉलीवुड सेलेब्स एक सक्सेस पार्टी का हिस्सा बने हैं, जिसके बाहर एक अधिकारी को ड्रग का सेवन कर रहे लड़के को गिरफ्तार करते दिखाया गया है। इस किरदार को समीर वानखेड़े से काफी मिलता-जुलता दिखाया गया है। सीरीज जारी होने के बाद सोशल मीडिया पर भी उस किरदार की तुलना समीर वानखेड़े से हुई थी। बयान में समीर वानखेड़े ने ये भी कहा है कि वो हर्जाने के तौर पर मिलने वाली रकम को टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल को कैंसर रोगियों के इलाज के लिए दान करना चाहते हैं। 2 अक्टूबर 2021 में नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने गोवा जा रहे कोर्डिएला क्रूज से आर्यन खान और उनके दोस्तों को ड्रग लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। तत्कालीन जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े की टीम, पैसेंजर बनकर शिप पर चढ़ी। रात 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चली छापेमारी में कोकीन और चरस सहित दूसरे ड्रग्स बड़ी मात्रा में जब्त किए गए।

# संपादकीय

## हुकूमत नहीं बराबरी : आधिकारिक आंकड़ों के साथ एससी-एसटी-ओबीसी की असली लड़ाई



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### 1. जातिगत असमानता की जमीन

- भारतीय इतिहास में ब्राह्मणवाद और ठाकुरवाद ने गहरी जड़ें जमा ली हैं — केवल सांस्कृतिक रह कर नहीं, बल्कि संसाधन नियंत्रण, सामाजिक नेटवर्क, प्रशासनिक पहुँच तक।
- इन असमानताओं को तोड़ने के लिए संविधान ने आरक्षण व्यवस्था दी, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि आज भी SC/ST/OBC वर्गों को वास्तविक हिस्सेदारी नहीं मिली।
- उदाहरण के लिए, 2011 की जनगणना में SC लगभग 16.6 प्रतिशत और ST लगभग 8.6 प्रतिशत आबादी थे। ?
- लेकिन OBC (Other Backward Classes) की विश्वसनीय राष्ट्रीय स्तर पर सांख्यिकी अभाव में है — केंद्रीय सरकार ने कई वर्षों तक ओबीसी जातियों का सर्वे नहीं किया। ?

### 2. भर्ती और सरकारी नौकरियों में वास्तविक हिस्सेदारी

- केंद्रीय सेवा में — 1 जनवरी 2016 की स्थिति के अनुसार — SC का प्रतिनिधित्व 17.49 प्रतिशत, ST 8.47 प्रतिशत और OBC 21.57 प्रतिशत था। ?
- लेकिन हाल की रिपोर्टों के अनुसार, OBC का प्रतिनिधित्व अब लगभग 22 प्रतिशत तक पहुँच चुका है। ?
- परंतु यह 27 प्रतिशत की आरक्षण सीमा (Mandal आयोग द्वारा सुझाई गई) से अभी भी कम है। ?
- स्ष्ट का प्रतिनिधित्व 2022–23 में थोड़ा घट कर 16.8 प्रतिशत हो गया (पहले 17.5 प्रतिशत)। ?
- उच्च पदों (Grade A, वरिष्ठ–नियुक्ति) में OBC का हिस्सा 18 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर है, जबकि यह पहले लगभग 7 प्रतिशत था। ?
- एक अन्य स्त्रोत बताता है कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षण पदों पर SC–शिक्षकों का अनुपात 11 प्रतिशत से भी नीचे है और ST 5 प्रतिशत से नहीं ऊपर जाता। ?
- वहीं, नॉन–शिक्षण पदों में SC का अनुपात 10 प्रतिशत से कम और ST लगभग 5 प्रतिशत है। ?
- TOI की एक रिपोर्ट में यह तथ्य है कि केंद्रीय नौकरियों में कुल SC/ST प्रतिनिधित्व 18.4 प्रतिशत (SC) और 7.4 प्रतिशत (ST) है, लेकिन इसमें दोष यह है कि ये अधिकांश निचले श्रेणी की नौकरियों (ग्रेड D/C आदि) में है— Group A पदों में SC केवल 913 प्रतिशत, ST 95.5 प्रतिशत। ?
- सरकार ने हाल ही में संसद को बताया कि 1 जनवरी 2024 की स्थिति में, SC, ST और OBC के कर्मचारी क्रमशः 547,000, 282,000 और 855,000 हैं। ?
- और रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि SC/ST प्रतिनिधित्व 15 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत की संवैधानिक आवश्यकताओं के अनुसार है, जबकि OBC आरक्षण 27 प्रतिशत से अधिक प्रत्यक्ष भर्ती में लगातार होता रहा है। ?

### 3. न्यायपालिका और नीति हस्तक्षेप

- इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया कि FIR और अन्य सरकारी रिकॉर्ड में अभियोक्ता/आरोपी की जाति दर्ज न की जाए।
- इसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने आदेश जारी किया कि जाति–उल्लेख वाले संकेत, बोर्ड व पोस्टर हटाए जाएँ।
- कोर्ट ने निर्देश दिया कि क्षैतिज आरक्षण लागू करते समय SC, ST, OBC, General हर श्रेणी में समान अनुपात के अवसर देने होंगे (A No. 40695/2005, 16 जुलाई 2019)।
- इन न्यायिक हस्तक्षेपों से यह संकेत मिलता है कि यदि भर्तियों में असंगति हो, तो न्यायपालिका दखल देगी।

### 4. असमान सत्ता व नेतृत्व में हिस्सेदारी

- आंकड़े दिखाते हैं कि OBC की हिस्सेदारी जहाँ बढ़ी है, लेकिन अति ऊँचे पदों (राजनीति, प्रशासन, न्यायपालिका) में उनकी संख्या असंतोषजनक रूप से कम है।
- उदाहरण के लिए, सरकारों द्वारा घोषित आंकड़े यह सुझाव देते हैं कि SC/ST प्रतिनिधित्व मूलापेक्षा (15 प्रतिशत / 7.5 प्रतिशत) के करीब है, लेकिन इस 'पूरा हुआ' दावा केवल कुल संख्या पर आधारित है — उच्च श्रेणियों में उनकी उपस्थिति नहीं दिखाती। ?
- OBC उम्मीदवारों की 'क्रीमी लेयर' की श्रेणी उन्हें आरक्षण लाभ से दूर करती है — और रोज़मर्रा की भर्ती में सूचीबद्ध OBC जातियाँ ही लाभ पाती हैं, जबकि पिछड़ी OBC जातियाँ कमीश होती हैं। ?
- राज्य स्तर पर भी उदाहरण हैं: तेलंगाना की 2024 की सामाजिक–शैक्षणिक–आर्थिक जाति सर्वेक्षण ने Backward Classes (BC) के हिस्से को 56.33 प्रतिशत माना। ?
- बिहार की 2022 की जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट बताती है कि EBC (बहुत पिछड़ी जातियाँ) 36.01 प्रतिशत, OBC 27.12 प्रतिशत, SC 19.65 प्रतिशत, और अग्र जातियाँ 15.52 प्रतिशत हैं। ?

### 5. निष्कर्ष : आंकड़ों से स्पष्ट संदेश

- ये ताज़ा आंकड़े स्पष्ट रूप से बताते हैं कि SC/ST की केंद्रीय नौकरियों में 'संविधान द्वारा निर्धारित अनुपात' से अधिक प्रतिनिधित्व हो सकता है, लेकिन वह प्रतिनिधित्व उच्च स्तर पर नहीं दिखता।
- OBC की संख्या बढ़ी है, लेकिन अभी भी 27 प्रतिशत की आरक्षण सीमा तक नहीं पहुँच पाई है — और सबसे महत्वपूर्ण यह कि उच्च निर्णय पदों में उनकी हिस्सेदारी अंधेरी बनी हुई है।
- न्यायपालिका और विधि–व्यवस्था इस लड़ाई में कुछ सबूत हैं, लेकिन असली संघर्ष है सत्ता की पंक्तियों में प्रवेश — आयोगों, प्रशासनिक नेतृत्व, नीति–निर्माण एवं न्यायपालिका।
- लेखनी, जागरूकता और लगातार आँकड़ों की मांग इस मिथक प्रभुत्व को चुनौती दे सकती है।




# संवाद से समाधान तक : लेह-लद्दाख में हिंसा का सबक

- ललित गर्ग -



केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा देने व संविधान के अंतर्गत विशेष संरक्षण देने वाली छठी अनुसूची में शामिल करने के लिये चल रहे आंदोलन का हिंसक एवं विध्वंसक होना, विरोध प्रदर्शन, पुलिस के साथ झड़प और आगजनी की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ-साथ चिन्ताजनक है। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी एकत्र हुए और उन्होंने लेह में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में आग लगा दी और उसके बाहर खड़े वाहनों को फूंक दिया। आमतौर पर बेहद शांत रहने वाले लद्दाख के लिए यह बहुत बड़ी घटना है। दरअसल, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक दो सप्ताह से अनशन पर थे, उनके साथ अन्य कार्यकर्ता भी अनशनरत थे, जिनकी तबीयत बिगड़ने से जन-आक्रोश एवं हिंसा भड़की। इस हिंसा ने अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर यह घटना वहाँ की जनता के असंतोष और बेचैनी को उजागर करती है, वहीं दूसरी ओर यह संकेत देती है कि लंबे समय से किए जा रहे वादे और आश्वासन क्यों अधूरे रह गए और क्यों स्थानीय लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं?

सरकार ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए के प्रावधान हटाने के साथ ही जम्मू-कश्मीर से अलग कर लद्दाख को केंद्र शासित राज्य बनाया था। तब सरकार ने वादा किया था कि हालात सामान्य होते ही पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। लोगों ने सोचा था कि अब उनकी पहचान, संस्कृति और स्थानीय अधिकार और अधिक सुरक्षित होंगे। लेकिन इसके विपरीत उनकी आशंकाएँ बढ़ीं। उन्हें लगा कि संघ शासित प्रदेश के रूप में दिल्ली से संचालित प्रशासन स्थानीय जरूरतों और आकांक्षाओं को समझने और पूरा करने में असफल हो रहा है। इसी कारण 6 साल बाद लोगों का भरोसा और सब्र डगमगाने लगा। इसी के चलते सोनम वांगचुक को अहिंसक आन्दोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा, जो कतिपय कारणों से हिंसक हो गया। हालांकि, हिंसा के बाद वांगचुक ने अपना अनशन त्याग कर आंदोलनकारियों से शांति की अपील की है। उन्होंने कहा है कि इस तरह की हिंसा से शांतिपूर्ण आंदोलन का मेरा संदेश आज विफल हो गया। अगर युवा गलत रास्ते पर जाएंगे, तो इससे हमारे वास्तविक उद्देश्य गुम हो जायेंगे। वाकई, लद्दाख के संयमी समाज को सतर्कता और संवेदनशीलता का परिचय देना चाहिए। वांगचुक का पूरा आंदोलन अहिंसक रहा है। सरकार से मतभेद होने पर भी उन्होंने बातचीत का रास्ता नहीं छोड़ा। उनके समर्थन में खड़े युवाओं को इसे समझना चाहिए। हिंसा से समस्या जटिल हो जाएगी। लद्दाख की जो भौगोलिक स्थिति है, उसे देखते हुए वहां के लोगों को कानून-व्यवस्था के प्रति विशेष रूप से सजग रहना चाहिए। लद्दाख का केंद्रशासित प्रदेश बनना एक नये सूरज का उदय होना है और इसका वहां के लोगों ने स्वागत भी किया था। इस क्षेत्र को कश्मीर घाटी के वर्चस्व से मुक्ति मिली थी, पर वहां के लोगों की महत्वाकांक्षा को राजनीति रंग देकर एवं संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के अंधेरों में धकेल कर इसके वास्तविक उद्देश्यों को धुंधलाने की कुचेष्टा की गई है।

हिंसा व आगजनी के बाद केंद्र शासित प्रदेश में संचारबंदी लागू की गई है। मीडिया माध्यमों से कुछ आंदोलनकारियों के मारे जाने की बात भी कही जा रही है। प्रतिक्रिया स्वरूप लेह बंद का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। यह प्रदर्शन कालांतर हिंसक प्रतिरोध में बदल गया। घटनाक्रम के बाद जम्मू-कश्मीर के विपक्षी दलों ने हिंसा के लिये केंद्र को निशाने पर लिया है। कहा गया कि आंदोलनकारी लेह की अस्मिता को संरक्षण देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र व लद्दाख के प्रतिनिधियों के बीच आगामी 6 अक्टूबर, 2025 को एक वार्ता का दौर निर्धारित था, जिसमें लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के सदस्य शामिल होने वाले हैं। जब बातचीत होने ही वाली है, तो ऐसे विरोध प्रदर्शन की क्या जरूरत थी? लेह के लोग अधूरे वायदों से खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और उनमें यह डर है कि अगर शासन उनके हाथ में न रहा तो प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन होगा। इसी वजह से आंदोलनकारियों की हिंसक अभिव्यक्ति सामने आई है। वास्तव में, यह पूरा आंदोलन राजनीतिक प्रवृत्ति का है। इस प्रदर्शन को साफ तौर पर सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा सकता है। कहा जा रहा है कि ताजा विरोध-प्रदर्शन केन्द्र से बातचीत को अनुकूल दिशा में ले जाने की रणनीति का हिस्सा है।

लद्दाख के लोग चाहते हैं कि उन्हें पूर्ण राज्य का अधिकार मिले ताकि वे अपने निर्णय स्वयं ले सकें। साथ ही उनकी यह भी माँग है कि उन्हें संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किया जाए जिससे उनकी भूमि, संसाधन, परंपराएँ और रोजगार सुरक्षित रहें। रोजगार के अवसरों की कमी और सरकारी नौकरियों में स्थानीय युवाओं की उपेक्षा ने इस असंतोष को और गहरा किया है।

लेह और कारगिल के बीच प्रतिनिधित्व को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। लगातार समितियाँ बनीं, बातचीत हुई, आश्वासन दिए गए, लेकिन जब ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों के भीतर अविश्वास बढ़ा। निस्संदेह, लेह चीन की सीमा से लगा सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है, जिसके मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाना जरूरी है। एक बड़ा मुद्दा क्षेत्र के युवाओं की बेरोजगारी रही है। युवाओं की दलील है कि क्षेत्र के युवाओं को पहले जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस सेलेक्शन कमीशन में राजपत्रित अधिकारी पदों के लिये आवेदन का मौका मिलता था, जो लद्दाख के केंद्रशासित प्रदेश बनने के बंद हो गया। स्थानीय युवा अब केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की स्पर्द्धा में टिक पाने में दिक्कत महसूस करते हैं। वहीं दूसरी ओर स्थानीय नौकरियों में युवाओं के लिये कोई विशेष अभियान भी नहीं चला। जिससे बेरोजगारों में खासा रोष व्याप्त रहा है।


आंदोलनकारी इसके अलावा कारगिल व लेह को लोकसभा सीट बनाने और स्थानीय लोगों को सरकारी नौकरियों में वरीयता देने की भी मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 244 की छठी अनुसूची में ऐसी स्वायत्त व अधिकार संपन्न प्रशासनिक इकाइयों का प्रावधान है, जिनके पास जल-जंगल व उद्योगों को लेकर क्षेत्र की संस्कृति व संरक्षण हेतु निर्णय करने का अधिकार होता है। लोग यह महसूस करने लगे कि उनकी जान-माल की सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। लद्दाख की जनता के भीतर असुरक्षा की भावना इसलिए भी है क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी भूमि और संसाधनों पर बाहरी दखल बढ़ रहा है। स्थानीय प्रशासनिक संस्थाएँ जैसे हिल डेवलपमेंट काउंसिल्स कमजोर कर दी गई हैं और महत्वपूर्ण फैसले केंद्र के हाथ में केंद्रित हो गए हैं। इससे यह भावना गहराती है कि स्थानीय समाज की आवाज़ को दबाया जा रहा है। जब लंबे समय तक विश्वास और संवाद की कमी बनी रहती है तो जनता के धैर्य का बाँध टूट जाता है। यह सिर्फ राज्य का दर्जा पाने की माँग नहीं है बल्कि यह आत्म-नियंत्रण, पहचान और न्याय पाने की जद्दोजहद है।

लद्दाख की जनता यह चाहती है कि उनके अधिकारों को संवैधानिक गारंटी मिले, उनके संसाधनों की सुरक्षा हो और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो। यदि सरकार ने पहले जो आश्वासन दिए थे, उन्हें समयबद्ध और स्पष्ट तरीके से लागू कर दिया जाता तो शायद स्थिति यहाँ तक न पहुँचती। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार संवाद और विश्वास बहाली की दिशा में ठोस कदम उठाए। संवैधानिक गारंटी देकर, स्थानीय प्रतिनिधित्व को सशक्त बनाकर, रोजगार और शिक्षा की योजनाओं को मजबूती देकर ही इस असंतोष को शांत किया जा सकता है।

लद्दाख की जनता को यह विश्वास दिलाना होगा कि उनके हित सुरक्षित हैं, तभी हिंसा और आक्रोश का माहौल शांति और भरोसे में बदला जा सकेगा। लोगों में यह विश्वास पैदा करना जरूरी है कि फैसलों में लद्दाख के हितों का ख्याल रखा जाएगा। इसका सबसे बेहतर तरीका है पारदर्शिता। वहीं, जनता को भी समझना होगा कि सरकार के लिए हर मांग मानना और तुरंत मानना संभव नहीं होता।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली -3662




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3661 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक पागलखाने में एक दर्शक का गाइड ने बताया-'यह जो पागल आपके सामने खड़ा है, इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसे उस लड़की ने ठुकरा दिया, जिसे वह प्यार करता था.'

'और वह!' दर्शक ने एक अन्य पागल की तरफ इशारा करते हुए पूछा.

'ओह!' गाइड बोला-'इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसने उसी लड़की से विवाह कर लिया.

□ □ □

पहला-'पत्नी हर जन्म में वही पति क्यों पाना चाहती है?'

दूसरा-ताकि उस पति को सुधारने का परिश्रम बेकार न चला जाए.

□ □ □

'दुर्लभ पुस्तक किसे कहते हैं?'

'जिसे पढ़कर सगे संबंधी, मित्र और पड़ोसी सुरक्षित लौटा दें.'

□ □ □

बाजार से आते ही मालकिन नौकरानी पर बिगड़ गई-''कल से तू काम पर मत आना!''

''जी! क्या बात हो गई?''

''जब मैं बाजार गई थी तो तेरे हाथ में चार चूड़ियां थीं, अब दो ही रह गई हैं.''

''जी. वह काम करने में टूट गई!''

''वह तो ठीक है. मगर पलंग पर तू क्या काम करने गई थी?''

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3662



**बायें से दायें:-**

१. 'तू मिले दिल खिले और' गीत वाली नागार्जुन, रमैया, मनीषा की फिल्म-४
३. राजकपूर, माला की 'आँसू भरी हैं ये जीवन की राहें' गीत वाली फिल्म-५
६. 'केसरिया बालम' गीत वाली श्रेयस तलपदे, आयशा टाकिया की फिल्म-२
७. शाहरूख, माधुरी की 'अठरा बरस की कँवारी कली थी' गीत वाली फिल्म-३
९. 'वो चाँद जैसी' गीत वाली शाहरूख खान, माधुरी, ऐश्वर्या की फिल्म-४
११. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
१२. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
१४. संजय दत्त, फरहा की 'मेरा प्यार तेरे जीवन के संग' गीत वाली फिल्म-३
१५. विनोद मेहरा, बिंदिया की फिल्म-३
१७. हिमालय, भाग्यश्री की 'तेरा ही प्यार मेरे इस दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'कभी कभी' में ऋषि की नायिका कौन थी-३
२०. अनिल, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की 'इश्क बिना क्या' गीतवाली फिल्म-२
२२. दिलीप कुमार, रेखा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-२
२४. अमिताभ, रेखा की 'कोई गाता मैं सो जात' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'बागां मां जब मोर बोले' गीत वाली अक्षयकुमार, करीना की फिल्म-३
२७. विनोद खन्ना, हेमा की अरूणा राजे द्वारा निर्मित एवं निर्देशित फिल्म-३
२८. 'क्यूं मेरा दिल तुझको' गीत वाली करण नाथ, मनीषा की फिल्म-२
२९. नसीर, ओमपुरी, स्मिता की 'शमशीर बजे ना' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'बंधन' में सलमान का नाम?-२
३१. फिल्म 'काफी हाउस' में शम्मी कपूर की नायिका?-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दिल ना दिया' गीत वाली फिल्म-२
२. विनोद खन्ना, बिंदू की फिल्म-३
३. 'दो दिल मिल रहे' गीत वाली फिल्म-४
४. विनोद मेहरा, रीना राय की फिल्म-४
५. 'आप से प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
८. देव आनंद, आशा पारेख की 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'बड़ी दूर से आये हैं प्यार' गीत वाली अनिल घवन, योगिता की फिल्म-४
११. देव आनंद, मधुबाला की 'उन के खयाल आए तो' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'जब लिया हाथ में हाथ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, गीताबाली की फिल्म-३
१५. जयराज, निरूपा की 'ना किसी की आँख का नूर हूँ' गीत वाली फिल्म-२,२
१६. फिल्म 'शिवा' में नागार्जुन के साथ नायिका कौन थी-३
१९. 'लेके पहला पहला प्यार गीत वाली फिल्म-१,२,१
२१. मिथुन, आदित्य, डिम्पल, मंदाकिनी की फिल्म-३
२३. अनिल घवन, रश्मि वर्मा, सोनिका गिल की एक सस्पेंस फिल्म-२
२५. 'पियू बोले जिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. बिस्वजीत, माला की 'अजी हो ताश के बावन पत्ते' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'चालबाज' में श्रीदेवी के एक किरदार का नाम अंजू था दूसरे किरदार का नाम?-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3661



## सूडोकु -3662




- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3661 का हल



## शब्द पहेली -3662




**बाएँ से दाएँ**

1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**

1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

### शब्द पहेली -3661 का हल



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 26 सितंबर 2025
Www.vishalindia.in

# प्रधानमंत्री ने गौतमबुद्धनगर में यूपी इण्टरनेशनल ट्रेड-शो के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया

- भारत जैसे देश को किसी पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं, भारत को आत्मनिर्भर बनाना ही होगा, हर वो प्रॉडक्ट जो हम बना सकते, वो भारत में ही बनाना है : प्रधानमंत्री
- भारत वर्ष 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा, हमारा संकल्प व मंत्र आत्मनिर्भर भारत

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जनपद गौतमबुद्धनगर में इण्डिया एक्सपो सेन्टर एण्ड मार्ट में यू0पी0 इण्टरनेशनल ट्रेड-शो के तीसरे संस्करण (25 से 29 सितम्बर, 2025) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जी तथा मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न विभागों, उद्यमियों तथा शैक्षिक संस्थाओं द्वारा लगाए गये स्टॉलों का अवलोकन किया।

प्रधानमंत्री जी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत वर्ष 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। दुनिया में हो रही डिसरप्शन्स और अनसर्टेनिटी के बावजूद भारत की ग्रोथ आकर्षक है। डिसरप्शन्स की स्थिति में हम भटकते नहीं, बल्कि नये डायरेक्शन्स खोजते हैं। इन डिसरप्शन्स के बीच भारत आने वाले दशकों की नींव मजबूत कर रहा है। हमारा संकल्प व मंत्र आत्मनिर्भर भारत है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बदलती दुनिया में, जो देश जितना ज्यादा दूसरों पर निर्भर रहेगा, उसकी ग्रोथ उतनी ही कॉमप्रोमाइज्ड हो जाएगी। इसलिए भारत जैसे देश को किसी पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं है। भारत को आत्मनिर्भर बनाना ही होगा। हर वो प्रॉडक्ट जो हम भारत में बना सकते हैं, वो हमें भारत में ही बनाना है। आज यहां बड़ी संख्या में उद्यमी, ट्रेडर्स



उपस्थित हैं। आप सभी आत्मनिर्भर भारत अभियान के बहुत बड़े स्टेकहोल्डर्स हैं। आपको ऐसा बिजनेस मॉडल बनाना होगा, जो आत्मनिर्भर भारत को और अधिक मजबूती प्रदान करे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार मेक इन इंडिया तथा मैन्युफैक्चरिंग पर विशेष बल दे रही है। हम चिप से शिप तक भारत में बनाना चाहते हैं। इसलिए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। सरकार ने 40 हजार से ज्यादा कम्प्लायंस खत्म किए हैं।

व्यापार व कारोबार में होने वाली जिन छोटी-छोटी गलतियों पर व्यापारियों-उद्यमियों के खिलाफ केस होता था, सरकार ऐसे सैकड़ों नियम डी-क्रिमिनलाइज कर चुकी है। सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि उद्यमी जो भी मैन्यूफैक्चर कर रहे हैं, वह बेस्ट क्वालिटी का होना चाहिए। स्वदेशी उत्पादों की क्वालिटी में लगातार सुधार होना चाहिए। क्वालिटी से कोई भी कम्प्रोमाइज़ नहीं होना चाहिए। आज देश का प्रत्येक नागरिक स्वदेशी से जुड़ रहा है। वह स्वदेशी खरीदना चाहता है। 'गर्व से कहो, यह स्वदेशी है' की भावना हम अपने चारों तरफ अनुभव कर रहे हैं। ट्रेडर्स को भी यह मंत्र अपनाना चाहिए।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया

**दनकौर।** क्षेत्र के कुलीपुरा गांव में गुरुवार को करप्शन फ्री इंडिया के कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों को जागरूक किया तथा गांव की मुख्य समस्याओं नाली, मुख्य रास्ते व जलभराव को लेकर जल्द आंदोलन की रूपरेखा तैयार की। संगठन की बैठक कोर कमेटी के प्रमुख सदस्य मास्टर दिनेश नगर के नेतृत्व में चौधरी जयकुवार भाटी के आवास पर संपन्न हुई।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय व आलोक नागर ने बताया कि कहने को तो ग्रेटर नोएडा हाई टेक सिटी है लेकिन



सुविधाओं के नाम पर भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। ग्रेटर नोएडा के अंतर्गत आने वाले गांवों की स्थिति बहुत ही बदहाल है। चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि गावों के मुख्य रास्ते टूटे हुए है, जलभराव की वजह से ग्रामीणों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

जिसके लिए गुरुवार को कुलीपुरा गांव की समस्याओं पर ग्रामीणों को जागरूक किया तथा जल्द आन्दोलन की रूपरेखा तैयार की।

इस दौरान- मास्टर दिनेश नागर, ब्रह्मपाल कपासिया, राकेश नागर, दुलीचंद नागर, साहिल, नतिन कुमार, लखमी पंडित,ब्रह्म प्रधान, कमल नागर,जयकुवार भाटी ,रोहित कुमार, नथेराम मास्टर, जयचंद, राजिन्दर प्रधान, अजीपाल प्रधान, सतवीर फोजी, जयवीर भाटी, सुरेंद्र भाटी, नरेंद्र भाटी, मनोज भाटी, ओमन, कपिल, बिरजेश, विनोद ,सुबोध, ऋषि ,हरीश ,गजराज दरोगा, धर्मराज प्रधान, जसराम, जगदीश आदि लोग मौजूद रहे।

# हिमालय प्राइड सोसायटी में लाखों की चोरी, विदेशी मुद्रा भी ले उड़े चोर

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र की हिमालय प्राइड सोसायटी में बंद फ्लैट का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात, नकदी और विदेशी मुद्रा पर हाथ साफ कर दिया। वारदात पड़ोसी फ्लैट के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक हापुड़ निवासी व्यापारी छत्रपाल शर्मा उर्फ सिद्धार्थ परिवार संग सोसायटी के डी-टावर स्थित फ्लैट नंबर में रहते हैं। उनकी पत्नी स्वीकृति सीतापुर में शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। बुधवार को दोनों फ्लैट बंद कर बाहर गए थे। शाम करीब 7: 30 बजे स्कूटी पर सवार दो बदमाश सोसायटी के गेट पर लगे कैमरे में नजर आए। उनमें से एक ने हेलमेट पहन रखा था। इसके करीब 25 मिनट बाद बदमाश फ्लैट पर पहुंचे और दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर दाखिल हो गए। सिर्फ 18 मिनट के भीतर बदमाश अलमारी से 28 से 30 तोला सोना, करीब एक लाख रुपये नकद, साढ़े आठ हजार अमेरिकी डॉलर, ढाई हजार मलेशियन करेंसी , दस हजार थाई मुद्रा और 15 ब्रांडेड घड़ियां चोरी कर ले गए।

# ग्रेटर नोएडा में व्यापारी की हत्या

## एक लाख रुपए लेकर पशु खरीदने गया था, झाड़ियों में मिला शव

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक पशु व्यापारी की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बिलासपुर कस्बा निवासी मोम्मद (50) के रूप में हुई है। उनका शव नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के पास झाड़ियों में मिला। मृतक के भाई यूसुफ ने बताया कि मंगलवार दोपहर को किसी अज्ञात व्यक्ति ने पशु खरीदने के लिए मोहम्मद को फोन किया था। वह एक लाख रुपये लेकर बाइक से घर से निकले थे। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिवार ने उनकी तलाश की।

### शरीर पर चोट के निशान मिले

बुधवार को परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। गुरुवार को शव मिलने पर देखा गया कि मृतक की गर्दन और शरीर पर चोट के गहरे निशान थे। शव से करीब 10 मीटर दूर उनकी बाइक और कपड़े मिले। उनके पास से एक लाख रुपये गायब थे। परिवार का आरोप है कि ईकोटेक प्रथम कोतवाली क्षेत्र के अटाई गांव निवासी विनीत और उसके तीन साथियों ने हत्या की है।

दो महीने पहले विनीत से पशु खरीदने को लेकर मोम्मद का विवाद हुआ था। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# नोएडा में बुजुर्ग से 1.25 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी

## रुपए मिलने के बाद नहीं कराई रजिस्ट्री, वापस मांगे पर धमकी; अदालत के आदेश पर मुकदमा

**नोएडा।** सेक्टर-57 में घर खरीदने बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से 1.25 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर पिता-पुत्री के खिलाफ सेक्टर-24 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-26 में रहने वाले चरनजीत अरोड़ा ने अदालत में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह संपत्ति खरीदने के लिए खोज रहे थे। उनकी मुलाकात सेक्टर-28 में रहने वाले त्रिलोकी नाथ शर्मा और उनकी पुत्री पूनम शर्मा से हुई।

इन लोगों ने सेक्टर-57 के सी ब्लॉक में एक घर दिखाया। उस संपत्ति का सौदा




2,43,28,375 रुपए में तय हुआ। शिकायतकर्ता ने पिता-पुत्री को 21 लाख रुपए चेक के माध्यम से दिए। साथ ही सेक्टर-23 स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय में एक इकरारनामा भी बनवाकर दे दिया।

शेष 2,23,28,375 रुपए ट्रांसफर डीड के समय देना तय हुआ। इसके बाद अचानक कुछ दिन बाद बताया कि संपत्ति पर कुछ विवाद है। इसके संबंध में दोबारा एग्रीमेंट करना होगा। 31 मई 2018 को दोबारा एक एग्रीमेंट कराया गया।

### पिता-पुत्री ने मांगे एक करोड़

इस बार आरोपी पिता-पुत्री ने अग्रिम राशि के रूप में एक करोड़ रुपए की मांग की। इस बार उन्होंने रुपए देने से मना कर दिया। साथ ही पीड़ित को पता चला कि आरोपी संपत्ति के असल मालिक नहीं हैं। वह संपत्ति के खरीद-फरोख्त में फर्जीवाड़ा कर रहे हैं।

पीड़ित ने आरोपियों से रुपए मांगे और पुलिस में कार्रवाई की धमकी दी तो आरोपियों ने असल मालिक से मिलवाने का आश्वासन दिया। 23 जनवरी 2024 को उस संपत्ति की नई डील असल मालिक से पांच करोड़ रुपए में तय हुई।

पीड़ित ने धीरे-धीरे करके आरोपियों को एक करोड़ 25 लाख रुपए दे दिए। इसके बाद भी आरोपी सवा करोड़ रुपए की मांग कर रहे हैं। संपत्ति की रजिस्ट्री कराने के नाम पर टरका रहे हैं। रुपए वापस मांगने पर झूठे केस में फंसाने और हत्या करवाने की धमकी दे रहे हैं।

# एक्सपो 2025 : 'सिटी ऑफ हनी' उप्र का सहारनपुर

## वहां मिलता है अजवाइन, धनिया, लीची, देवदार, सरसो का शहद, अमेरिका तक किया जाता पसंद

**नोएडा।** क्या आपको पता है उप्र के सहारनपुर को 'सिटी ऑफ हनी' के नाम से जानते है। ये एक ऐसा शहर है जहां साल के 12 महीने शहद का उत्पादन होता है। हालांकि ये शहद रिफाइन तो सहारनपुर में होता है। लेकिन इसे कश्मीर , गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान के अलग-अलग जिलों से पोले नेशन के बाद लाया जाता है। एक रिपोर्ट्स के अनुसार, सहारनपुर से हर साल 8000 से 10,000 क्विंटल शहद उत्पादन होता है।

### इन देशों में होता एक्सपोर्ट

शहद की इस नगरी में मधुमक्खी पालने वालों से लेकर इस बिजनेस से जुड़े हर शख्स को अच्छा मुनाफा पहुंचता है। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से निकला शहद भारत ही नहीं, बल्कि दुनियाभर के कई देशों में एक्सपोर्ट किया जाता है। इसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, नेपाल और मध्यपूर्व के देश के शामिल है। ज्योति ग्रामोद्योग संस्थान हनी फ्राम बी-कीपर के चेयरमैन अजय कुमार ने बताया- जैसे



हम लोग कश्मीर जाते है, वहां अकेशिया होता है। एपल होता, वाइट रोज है तो वहां अलग-अलग तरह का शहद होता है। इसी तरह प्लेन की बात सरसो का शहद निकलता है। इसमें भरतपुर, ग्वालियर दोसा शामिल है। इसी तरह चित्तौड़गढ़ में अजवाइन का शहद निकलता है। कोटा में धनियां का शहद निकलता है। नागौड़ में सौंफ का शहद निकलता है। फरवरी में जिम कार्बेट और राजा जी पार्क वहां से करीपत्ता शहद निकलता है। इसी तरह मल्टी फ्लोरल शहद, लीची शहद तुलसी शहद, रोजवुड शहद और, देवदार शहद निकलता है। इन सभी को अलग-अलग स्थानों से लाकर सहारनपुर में रिफाइन किया जाता है।

### सहारनपुर की होती मधुमक्खी

मधुमक्खी पालन के लिए सहारनपुर का वातावरण सबसे अनुकूल माना जाता है। इसलिए यहां सबसे ज्यादा मधुमक्खी पालन होता है। अजय शर्मा बताते है कि पूरे साल भर मधुमक्खी को मौसम के हिसाब से हम लेकर जाते है। उन्हें फूड मिलता है और हमें हनी। खास बात ये भी है कि जिस खेत से मधुमक्खी पराग लेकर आती है वहां खेती यानी प्रोडक्शन बढ़ जाता है।

### 7 हजार प्रति ग्राम होता मधु मक्खी का जहर

दवाएं बनाने में मधुमक्खी के तरह का प्रयोग किया जाता है। मधुमक्खी के एक ग्राम जहर की कीमत 7 हजार रुपए तक है। इससे बनने वाली दवा का प्रयोग अर्थराइटिस में किया जाता है। इसके अलावा कई आयुर्वेदिक दवा में इसका यूज होता है। इसी तरह मधु मक्खी से तैयार रॉयल जैली करीब 30 हजार रुपए किलो है। वहीं कश्मीर से लेकर अन्य स्थानों से बना शहद 500 से 2000 रुपए किलो तक मिलता है।

# पिता पर पांच साल की मासूम बेटी के अपहरण का आरोप, मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा।** शहर की सोसाइटी में रहने वाली महिला डॉक्टर ने पति पर पांच साल की बेटी के अपहरण करने का आरोप लगाया है। महिला डॉक्टर का पति से घरेलू हिंसा और तलाक का कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। महिला डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि 18 सितंबर को उसकी पांच वर्षीय बेटी स्कूल गई थी। दोपहर के समय बेटी स्कूल से वापस लौटी तो सोसाइटी के गेट पर बस से उतरते ही आरोपी पति ने बेटी का अपहरण कर लिया। महिला डॉक्टर का आरोप है कि उनकी बेटी पिता के साथ रहना नहीं चाहती है ।वह रात को सपने में भी उनसे डरती है। पूर्व में आरोपी पति बेटी को साथ ले गया था। इस बीच उसे कुछ नशीला पदार्थ खिला दिया था। महिला ने पति पर बेटी के साथ मारपीट करने का भी आरोप लगाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा है।

# जेवर में किसानों की पंचायत



## 7 प्रतिशत प्लॉट देने की मांग, टोल फ्री और युवाओं को रोजगार देने पर जोर

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर स्थित तीरथली गांव में राष्ट्रीय किसान यूनियन संगठन ने गुरुवार को पंचायत का आयोजन किया।

हाजी महबूब अली की अध्यक्षता और इकपाल सिवाच के संचालन में हुई पंचायत में कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं।

संगठन ने जमीन अधिग्रहण के एवज में किसानों को 7 प्रतिशत प्लॉट तुरंत देने की मांग की। साथ ही यमुना एक्सप्रेस-वे पर फलैदा-तीरथली कट को टोल फ्री करने और किसानों की आबादी को सुरक्षित रखने की मांग भी की गई। स्थानीय युवाओं के लिए यीडा एरिया में कौशल विकास केंद्र की स्थापना और फैक्ट्रियों में रोजगार की मांग रखी गई।

हर गांव में अस्पताल, पंचायत घर और बारात घर के निर्माण के साथ आधार कार्ड बनाने की मशीन लगाने की मांग की गई।

संगठन ने गांव-गांव कैंप लगाकर विधवा, वृद्धा और विकलांग पेंशन बनवाने की मांग भी रखी। मांगें पूरी न होने पर 6 अक्टूबर को यमुना हाईवे पर फलैदा-तीरथली कट के पास यमुना प्राधिकरण के खिलाफ एक दिवसीय धरना देने की चेतावनी दी गई।

पंचायत में बिजेंद्र सिंह, शाहिद प्रधान, गजराज, पप्पू, सोनू, रंजीत और कालीचरण समेत कई संगठन के सदस्य उपस्थित थे।

# फर्जी कॉल सेंटर से अमेरिकी नागरिकों को ठगने के मामले में आरोपी को जमानत

**ग्रेटर नोएडा।** सत्र अदालत ने फर्जी कॉल सेंटर चलाकर अमेरिकी नागरिकों को ठगने के आरोप में जेल में बंद विनोद लखेरा को जमानत दी है। न्यायाधीश ने आदेश देते हुए कहा कि आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया ऐसा कोई ठोस साक्ष्य सामने नहीं आया है। जिससे यह साबित हो सके कि उसने किसी पीड़ित से धोखाधड़ी की हो।

प्रकरण के अनुसार थाना सेक्टर-58 पुलिस ने 17 नवंबर 2021 को बी ब्लॉक 12वीं मंजिल स्थित एक दफ्तर पर छापा मारकर आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस का आरोप था कि वहां से चलाए जा रहे कॉल सेंटर में अमेरिकी नागरिकों को कॉल कर ड्रग कार्टेल्स में फंसाने की धमकी देकर सोशल सिक्योरिटी के नाम पर गूगल गिफ्ट कार्ड हड़पते थे। इन गिफ्ट कार्डों को ऑनलाइन साइट के जरिए भारतीय मुद्रा में बदलकर खाते में ट्रांसफर कराया जाता था।

मौके से पुलिस ने कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए थे। विनोद लखेरा की ओर से अधिवक्ता ने अदालत में तर्क दिया कि न तो कोई जाली दस्तावेज बरामद हुआ और न ही किसी पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई है।

# 21 महीने में पुलिस ने गुम हुए 1576 मोबाइल खोजकर स्वामियों को लौटाए

**नोएडा।** मिशन सहयोग के तहत कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस गुम मोबाइल को खोजकर स्वामियों के सुपुर्द कर रही है। बीते 21 महीने में पुलिस ने गुम और चोरी हुए 1576 मोबाइल वास्तविक स्वामियों को वापस कराए हैं। रोजाना औसतन तीन गुम और चोरी के मोबाइल को जिले की पुलिस बरामद कर रही है। सबसे ज्यादा 891 मोबाइल सेंट्रल नोएडा जोन की पुलिस ने तलाशे हैं। मिशन सहयोग पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर तीनों जोन में एक जनवरी 2024 से ही चल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया है कि गुम/खोए और चोरी किए गए बरामद मोबाइल फोन जल्द से जल्द उनके असली मालिकों तक पहुंचें। इस पहल ने न केवल नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि समाज में पुलिस की पारदर्शिता और जवाबदेही को भी प्रदर्शित किया। नोएडा जोन की पुलिस ने 313, सेंट्रल नोएडा जोन की पुलिस ने 891 और ग्रेटर नोएडा जोन की पुलिस ने 372 मोबाइल को उनके वास्तविक स्वामियों तक सुरक्षित रूप से सुपुर्द किया। प्रत्येक मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए पुलिस अधिकारियों, महिला बीट अधिकारियों और कमिश्नरेट स्टॉफ ने मिलकर निरंतर प्रयास किए। इसके अलावा पुलिस ने नागरिकों से भी अपील की है कि चोरी या खोई हुई संपत्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

ऐसे की गई पहल पुलिस ने पिछले कुछ समय में विभिन्न थानों में दर्ज गुमशुदा मोबाइल फोन की शिकायतों को खंगाला।

ईएमआई नंबरों का उपयोग करके फोन को ट्रैक किया गया और उनकी लोकेशन पता की गई। सर्विलांस कैमरों और अन्य डिजिटल माध्यमों की मदद से फोन को ट्रेस किया गया। तकनीकी सहायता से फोन मिलने के बाद, असली मालिकों को थाने बुलाकर फोन वापस किए गए। यह पूरा काम कई टीमें बनाकर किया गया। पुलिस को मिले अधिकतर मोबाइल ऐसे थे, जो भीड़भाड़ वाले बाजारों, सब्जी व फलों की मंडियों व साप्ताहिक बाजारों में सामान खरीदते समय, बैठने, झुकने व धक्का मुक्की में गिर गए थे। कुछ मोबाइल ऐसे भी हैं जो लोगों के यात्रा के दौरान ऑटो, टैक्सियों, बसों व मेट्रो ट्रेनों में छूट गए थे। वहीं इसमें बाइक चलाते समय ब्रेकर आने पर जेब से निकल कर गिरने वाले मोबाइल भी शामिल हैं। ईएमआई पर फोन लेने वालों को दोहरी खुशी जिन 1576 लोगों के मोबाइल पुलिस ने ढूंढे हैं।

# शार्ट न्यूज

## मजदूरी मांगने पर दलित परिवार पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में मजदूरी के बकाया पैसों को लेकर दलित परिवार पर हमला किया गया। गांव तीरथली में दूसरे समुदाय के 5 लोगों ने दलित परिवार के घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट की। घटना मंगलवार रात की है। विपिन जाटव के भाई महेश की मजदूरी के कुछ रुपये एक युवक पर बकाया थे। महेश जब रुपये मांगने गए तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट की। परिजन महेश को बचाकर घर ले आए। इसके बाद आरोपी युवक 4 अन्य साथियों के साथ पीड़ित के घर पहुंचा। उन्होंने घर में मौजूद महेश की बहन अनीता, पत्नी भारती और मां रामवती के साथ अभद्रता की। आरोपियों ने घर में तोड़फोड़ की। विरोध करने पर महिलाओं से मारपीट की। आरोपियों ने जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और जान से मारने की धमकी दी। हमले में महेश और उनकी बहन अनीता घायल हो गए। दोनों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के बावजूद रबूपुरा पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने सोशल मीडिया के जरिए गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर से शिकायत की है।

## स्वच्छता अभियान की दादरी में शुरुआत

**नोएडा ( गौतम बुद्ध नगर )।** गौतम बुद्ध नगर के दादरी में स्वच्छता ही सेवा 2025 कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर हुई। नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने गौतमबुद्धनगर से इस अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं सफाई कार्य में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नगर पालिका दादरी की अध्यक्ष गीता पंडित और ईओ शालिनी गुप्ता मौजूद रहीं। आईईसी एक्सपर्ट सौमित्र सिंह, डिविजनल मेरठ से कुणाल किशोर और डीपीएम विपिन रुहेला भी उपस्थित थे। अरुण बंसल और सोहराब मेवाती सहित सभी सफाई कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। 156 घंटे चलने वाले इस महासफाई अभियान में कई गतिविधियां होंगी। जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित सार्वजनिक स्थलों की सफाई की जाएगी। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण किया जाएगा। कचरे से कला प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## कैंटीन साझेदार पर जहर देकर हत्या करने का आरोप

**दादरी।** दादरी कोतवाली क्षेत्र के नई बस्ती गांव स्थित एक वेयर हाउस में साझेदारी में कैंटीन करने वाले युवती को जहर देकर मारने का मामला प्रकाश में आया है आरोप है कि साझे की हिसाब की मांग करने पर युवती की जहर देकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जपनद बदायूं की रहने वाली अंजली नई बस्ती गांव के पास नेशनल हाईवे 91 पर स्थित एक वेयर हाउस में साझे में कैंटीन का संचालन करती थी। साझेदार प्रेमलाल यादव भी बदायूं का रहने वाला है। प्रेमलाल की पत्नी प्रीति देवी और अंजली कैंटीन में खाना बनाने का कार्य करती है जबकि प्रेमलाल काउंटर संभालता था ।मंगलवार को जहर से अंजलि की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि साझेदार ने जहर देकर उसकी हत्या की है। बुधवार को अंजलि के परिवार के लोग कोतवाली पहुंचे परिवार के लोगों का आरोप था कि शुरुआत में अंजली और प्रेमलाल में साझेदारी में कैंटीन का संचालन करने पर सहमति बनी थी। जिसके बाद करीब दो वर्ष पूर्व अंजली ने कैंटीन के संचालन में डेढ़ लाख रूपए दिये थे।

## चोरी की तीन बाइक के साथ बदमाश गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी की तीन बाइक, दो चाकू बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान तिलपता गांव के जोनी, दादरी के रोहित व नई बस्ती उर्फ बैंगमपुर निवासी सहदेव के रूप में हुई है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि पुलिस तिलपता चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। सूचना मिली कि खोदना गांव के समीप 130 मीटर रोड पर तीन युवक बाइक लेकर खड़े है। जाकर तलाशी ली तो आरोपियों की जेब से दो चाकू बरामद हुए। बाइक के बारे में पूछताछ की तो पूरे मामले का पर्दाफाश हो गया। बाइक पैरमाउंट सोसायटी से चोरी की गई थी। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने दो और बाइक बरामद की हैं।

## रेलवे ई-टिकटों का अवैध कारोबार

**दादरी।** रेलवे ई-टिकटों का अवैध कारोबार करने के मामले में पुलिस ने नोएडा के सेक्टर 37 से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 28 ई-टिकट, मोबाइल फोन और 11 सौ रुपये की नकदी बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि रेलवे के ई-टिकटों का अवैध कारोबार करने के मामले में जांच की जा रही थी। जांच के दौरान रेलवे की ई-टिकटों की कालाबाजारी करने वाले एक व्यक्ति को चिन्हित किया। चिन्हित करने के बाद पुलिस टीम ने नोएडा के सेक्टर-37 स्थित अंबेडकर बिहार में सत्यव्रत रावत के यहां पर छापा मारा। छापे के दौरान यूजर आईडी से अवैध रूप से रेलवे ई- टिकट भविष्य यात्रा के 15 तथा भूतकाल यात्रा के 13 ई-टिकट मिले। जिनकी कीमत करीब 77 हजार रुपये है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर आरपीएफ कोतवाली ले आई। गहन पूछताछ में बताया कि वह पिछले दो साल से पर्सनल यूजर आईडी से रेलवे ई-टिकटों का अवैध कारोबार कर रहा था। वह प्रत्येक टिकट पर कीमत से दो सौ रुपये से लेकर पांच सौ रुपये अधिक लेता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

## ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर बना मां दुर्गा का पंडाल

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ सिटी दुर्गा पूजा समिति की ओर से लेक व्यू पार्क में नौवीं बार दुर्गा पूजा का आयोजन होने जा रहा है। दुर्गा पूजा में महिलाओं के सिंदूर की ताकत का प्रदर्शन किया जाएगा। हर बार की तरह लोगों को सांस्कृतिक और धार्मिक अनुभव तो कराएगा ही, साथ ही उन्हें देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत भी कर देगा। पंडाल की थीम ऑपरेशन सिंदूर पर रखी गई है। कमेटी के पदाधिकारी समीर चटर्जी ने बताया कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने देश की रक्षा में अदम्य साहस का परिचय दिया था। इस थीम को दुर्गा पूजा से जोड़ना एक अनूठा और प्रभावशाली विचार है। पंडाल और देवी की मूर्ति को विशेष तौर पर कोलकाता से आए कलाकारों ने तैयार किया है। हर उम्र और हर वर्ग के लोगों के लिए कुछ न कुछ खास इंतज़ाम किए गए हैं। दुर्गा पूजा के दौरान गौड़ सिटी का लेक व्यू पार्क देश के अलग-अलग हिस्सों से आए कलाकारों की मौजूदगी का गवाह बनेगा।

## प्रदर्शन करने जा रहे कांग्रेसियों को हिरासत में लिया

**ग्रेटर नोएडा।** प्रधानमंत्री और सीएम के विरोध में प्रदर्शन करने जा रहे कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पर पुलिस ने हिरासत में लिया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने बताया कि कार्यकर्ता जेपी ग्रीन गोलचक्कर पर एकत्रित हुए थे। वहां से कार्यक्रम स्थल एक्सपो मार्ट के लिए निकले। अल्फा कामर्शियल बेल्ट गोलचक्कर पर पुलिस उपायुक्त शैव्या गोयल ने उन्हें मनाने का प्रयास किया। सहमति न बनने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जबरन पुलिस लाइन ले जाया गया है। सभी को शाम को निजी मुचलके पर रिहा किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, रिवान चौधरी, निशा शर्मा, महाराज नागर आदि मौजूद है। वहीं पुलिस ने कई सपा नेताओं को उनके घर में नजर बंद रखा। किसान नेताओं को भी उनके घर में नजर बंद किया गया था। सपा के जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी ने बताया कि वह लखनऊ में थे। कार्यकर्ताओं को नजरबंद किए जाने संबंधी जानकारी नहीं है।

# स्वच्छता की पाठशाला का शुभारंभ

## 1375वीं स्वच्छता बाल्टी वितरित, 'कूड़ेदान' को दिया नया नाम





**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में जन जागरण समूह ने स्वच्छता को लेकर एक अनूठी पहल की। गुरुवार को नई बस्ती स्थित साईं धाम मंदिर में स्वच्छता की पाठशाला का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर 1375वीं स्वच्छता बाल्टी भी वितरित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य शहर को स्वच्छ बनाने और नागरिकों में जिम्मेदारी का भाव जगाना रहा।

कार्यक्रम में बताया गया कि देश के हर बड़े शहर के बाहर कचरे के पहाड़ खड़े हैं। दिल्ली का गाजीपुर डंपिंग यार्ड इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसे कचरे की 'एवरेस्ट चोटी' कहा जाने लगा है।2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन और उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की कोशिशों के बावजूद कचरे की समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हो सकी। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए स्वच्छता की पाठशाला की नींव रखी गई है।पाठशाला के शुभारंभ अवसर पर स्वच्छता का फार्मूला चार आर (Responsibility, Reduce, Reuse, Recycle) प्रस्तुत किया गया।

1. Responsibility (जिम्मेदारी) : मेरा कचरा मेरी जिम्मेदारी का संकल्प लिया गया।

2. Reduce (कचरे को कम करना) : पॉलिथीन का उपयोग बंद कर कपड़े का थैला अपनाने की प्रेरणा दी गई। उपस्थित लोगों को कपड़े का थैला उपहार स्वरूप दिया गया।

3. Reuse (दोबारा उपयोग) : धार्मिक व सामाजिक आयोजनों के लिए पाठशाला ने 1000 स्टील के बर्तन निशुल्क उपलब्ध कराने की घोषणा की, जिससे कचरा कम हो।

4. Recycle (कचरे का पुन : उपयोग) : किचन व सब्जियों के कचरे से कंपोस्ट खाद बनाने और प्लास्टिक, गत्ता, बोतल आदि कबाड़ी को बेचने का सुझाव दिया गया।

जन जागरण समूह ने निर्णय लिया कि अब डिब्बे को कूड़ेदान नहीं कहा जाएगा, बल्कि स्वच्छता बाल्टी नाम दिया जाएगा।

आयोजकों का मानना है कि यह नाम सकारात्मक सोच और स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देगा।17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री के जन्मदिन अवसर पर स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान अब तक 1374 स्वच्छता बाल्टियाँ वितरित हो चुकी थीं। गुरुवार को 1375वीं बाल्टी बांटी गई।कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने किया।

इस मौके पर विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि राहुल अग्रवाल एडवोकेट, गोकुल मौर्य, संजय सीए, डॉ. प्रणव शास्त्री, सतीश गंगवार, घनश्याम अग्रवाल, डॉ. अनु रीता, मधु कुमार, निर्मला जी, साकेत सक्सेना, सुधीर सिंह, जॉय मैनी, छवि मैनी, अमिताभ अग्निहोत्री, राशि और समीक्षा मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मीकांत शर्मा ने किया। समापन पर चाय-बिस्कुट का प्रसाद वितरित हुआ, जो कचरा रहित कार्यक्रम का पहला उदाहरण बना।

# जिला स्तरीय सतर्कता और मॉनीटरिंग समिति की बैठक सम्पन्न



**ललितपुर।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के ऊपर उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम व उनके शैक्षिक और आर्थिक स्तर को मजबूत करने तथा उनकी अन्य समस्याओं को जानने के लिए मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में गुरुवार को कलैक्ट्रैट सभागार में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार उत्पीड़न आर्थिक सहायता योजनान्तर्गत जिला स्तरीय सतर्कता और मॉनीटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में मा0 राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ0प्र0 मनोहर लाल पंथ, मा0 सदर विधायक प्रतिनिधि श्रीकांत कुशवाहा, मा0 सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी, मा0 एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी की गरिमामयी उपस्थित रही। मा0 राज्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी अनूसूचित जाति व जनजाति के लोगों के साथ अत्याचार की घटनायें होती हैं, जिन पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हित के लिए अनेकों योजनाएं चलायी जा रही हैं, जिनका पात्र व्यक्तियों को लाभ दिया जाए।

बैठक में समिति के समक्ष जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हित में सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पात्र लाभार्थियों तक शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को विशेष रुप से निर्देशित किया कि वह जनपद में पी0सी0आर0 एक्ट एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से सम्बंधित मामलों की नियमित निगरानी करें तथा पीड़ितों को समय पर आर्थिक सहायता एवं अन्य आवश्यक सहयोग उपलब्ध करायें।

# शार्ट न्यूज

## कुरा बंटवारा कराने के नाम पर 1.30 लाख की ठगी, धमकी से सहमा पीड़ित

दियोरिया (पीलीभीत)। तहसील परिसर में कुरा बंटवारा कराने के नाम पर तीन लोगों ने एक ग्रामीण से 1 लाख 30 हजार रुपये की ठगी कर ली। जब पीड़ित ने पैसे वापसी की मांग की तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामला सामने आने पर पीड़ित ने उपजिलाधिकारी बीसलपुर को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नउवा नगला निवासी राजाराम पुत्र लीलाधर ने कुरा बंटवारा कराने के लिए न्यायिक उपजिलाधिकारी न्यायालय में वाद दायर किया था। इसी दौरान तहसील में उसकी मुलाकात थाना गजरौला के ग्राम नकटिया निवासी रामप्रताप उर्फ राजू से हुई। राजू ने खुद को तहसीलदार के ड्राइवर का जीजा और एसडीएम के ड्राइवर का दोस्त बताते हुए कहा कि जल्दी निपटारा कराने और कब्जा दिलाने में दो लाख रुपये खर्च होंगे। राजाराम ने बातचीत के दौरान 1.30 लाख रुपये रामप्रताप को दे दिए। कुछ समय बाद वाद खारिज हो गया। इसके बाद राजाराम ने अपने पैसों की वापसी मांगी तो राजू व उसके साथियों ने धमकाते हुए कहा कि दुबारा पैसे मांगे तो जान से मार देंगे।धमकी से सहमे पीड़ित ने पूरे प्रकरण की शिकायत उपजिलाधिकारी बीसलपुर से की। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दियोरिया पुलिस को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## गरीब महिला की जमीन पर दबंगों का कब्जा

**दियोरिया ( पीलीभीत )।** दबंगों ने एक गरीब महिला की कृषि भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर महिला को गाली-गलौज और मारपीट की धमकी दी गई। पीड़ित महिला ने उपजिलाधिकारी बीसलपुर को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बढ़ेपुरा ताल्लुक कुसुमा निवासी जमुना देवी पत्नी शिवदयाल ने बताया कि उनके नाम पर घाटा संख्या 49/ रकबा 0.5323 हेक्टेयर कृषि भूमि दर्ज है। आरोप है कि गांव के ही आदेश मौर्य, राजेश निवासी नउवा नगला, सूरजपाल व उसके पुत्र गुड्डू, चन्द्रसेन और उस्मान बाबाजी निवासी ग्राम कुसुमा ने उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। जब जमुना देवी ने जमीन खाली करने को कहा तो दबंग गाली-गलौज करने लगे और मारपीट पर उतारू हो गए। महिला ने बताया कि उसने कोतवाली पुलिस से भी शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने उपजिलाधिकारी बीसलपुर को प्रार्थना पत्र देकर कब्जा मुक्त कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसडीएम ने दियोरिया पुलिस को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## स्वास्थ्य शिविर में 405 लोगों ने लिया लाभ



**पीलीभीत।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दियोरिया कलां में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान अजय सिंह ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. छत्रपाल ने शिविर का संचालन किया और विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महिलाओं व अन्य मरीजों की जांच की गई। साथ ही नि:शुल्क परामर्श और दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। शिविर में कुल 405 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर चिकित्सक डॉ. अनुपम जैसवाल, डॉ. दानियाल अहमद, डॉ. शकील, डॉ. रामवचन पटेल, डॉ. संदीप सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री ने दिल्ली रूट की बन्द एसी बस सेवा शुरू कराये जाने को परिवहन मंत्री को लिखा पत्र



**पीलीभीत।** गन्ना विकास एंव चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने रोडवेज की पिछले काफी समय बन्द चल रही दिल्ली रूट की ए0सी0 बस सेवा पुन: प्रारम्भ किये जाने के लिए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को पत्र लिखा है। पत्र में राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा है कि पीलीभीत से दिल्ली, गुड़गांव, जयपुर एंव एन0सी0आर, सहित अन्य क्षेत्रो में आवागमन करने वाले छात्रों, व्यापारियों सहित अन्य यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर त्यौहारी सीजन दीपावली आदि पर्व आने के कारण भी उक्त रूट पर बड़ी संख्या में यात्रियों आवागमन होने की सम्भावना बनी हुई है ऐसी स्थिति में पीलीभीत से दिल्ली रूट के लिए नियमित रूप से ए0सी0 बस सेवा शुरू कराया जाना अति आवश्यक है। उन्होनें परिवहन मंत्री से पिछले काफी समय से बन्द चल रही दिल्ली रूट की ए0सी0 बस सेवा जनहित में शुरू कराये जाने के लिए कहा है।

## छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक



**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद ललितपुर के समस्त थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा स्कूल/कालेज में जाकर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर छात्र/छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की विशेषताएँ इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, जागरूकता और सुरक्षा का वातावरण सुदृढ़ करना रहा।जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियो/मिशन शक्ति टीम द्वारा छात्राओं को सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर खुलकर चर्चा का अवसर प्रदान किया गया तथा जनपद के समस्त थानों की पुलिस द्वारा स्कूलों/कालेजो/सार्वजनिक/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर छात्राओं को जागरूक किया गया । बालिकाओं से कहा कि - किसी भी गलत बात को सहन न करें, तुरंत अपने अभिभावकों एवं पुलिस को सूचना दें। पुलिस सदैव आपकी सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है।

## वाराणसी में महिला को कंटेनर ने रौंदा, मौत

**वाराणसी।** वाराणसी के कपसेठी थाना क्षेत्र के बाराडीह गांव के सामने कालिका धाम-भाऊपुर मार्ग पर गुरुवार की शाम दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में 40 वर्षीय उषा देवी कंटेनर की जद में आने से मौत हो गई। हादसे के वक्त वह पैदल अपने नाती को गोद में लेकर सेवापुरी अस्पताल दवा लेने जा रही थीं। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है। महिला की गॉड में मौजूद बच्चे को ज़रा सी भी खरोंच नहीं आयी है। घटना की सूचना पर ग्रामीणों ने घटनास्थल पर जाम भी लगाया था। जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर हटवा दिया और रास्ता चालू करवाया।

# मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत छात्राओं ने बैंक भ्रमण कर सीखी बैंकिंग की बारीकियां

**पूरनपुर।** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने और वित्तीय साक्षरता से जोड़ने के उद्देश्य से पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय खासपुर की छात्राओं ने गुरुवार को भारतीय स्टेट बैंक की जमुनिया शाखा का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं ने बैंकिंग से जुड़े विभिन्न कार्यों की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान भारतीय स्टेट बैंक जमुनिया के शाखा प्रबंधक शिव शंकर सिंह ने छात्राओं को नकली और असली नोटों की पहचान के तरीके बताए। उन्होंने खाता खोलने की प्रक्रिया, रुपये जमा और निकासी की विधि तथा बैंकिंग लेन-देन की सुरक्षा संबंधी जानकारी विस्तार से समझाई। साथ ही बैंकिंग



फ्रॉड से बचने के उपायों पर भी प्रकाश डाला, जिससे छात्राओं में जागरूकता बढ़ी।

शाखा प्रबंधक ने छात्राओं को यह भी समझाया कि आज के समय में बैंकिंग सेवाओं की जानकारी हर किसी के लिए आवश्यक है। खासकर मिशन शक्ति जैसे अभियान के तहत यह पहल छात्राओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विद्यालय के इंचार्ज शिक्षक श्रीकृष्ण, शिक्षिका पूनम रावत, अनुदेशक विनोद कुमार एवं शिक्षामित्र बिंद्रा देवी भी मौजूद रहे। शिक्षकों ने बताया कि इस तरह के शैक्षिक भ्रमण से छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे भविष्य के लिए व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करती हैं।

# एसपी ने शहर में पैदल गश्त कर कराया सुरक्षा का एहसास

**ललितपुर।** उत्तर- प्रदेश शासन की मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन- शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत उच्चाधिकारीगण के निर्देश के क्रम में, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु कोतवाली ललितपुर क्षेत्रान्तर्गत कम्पनी बाग से घण्टाघर चौराहा, साबरकरचौक से तालाबपुरा से सुम्मेरातालाब होते हुए तुवन चौराहा तक पैदल गस्त कर महिलाओं/छात्राओं को शासन द्वारा चलाये जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,



वन स्टाप सेन्टर, आदि , विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- (वूमेन पावर लाइन 1090), (महिला हेल्प लाइन 181), (एम्बुलेंस सेवा 108),(मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076), (पुलिस आपातकालीन सेवा 112), (चाइल्ड हेल्पलाइन 1098), (स्वास्थ्य सेवा 102), (ऑन लाइन साइबर फ्राड हेल्प लाइन नं-1930) आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी ।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक, ललितपुर द्वारा मय गश्त टीम के साथ कम्पनी बाग ललितपुर के पार्क में भ्रमण कर महिलाओं/छात्राओं आदि को जागरूक किया जा रहा था जिसके क्रम में एक महिला द्वारा बताया गया कि- सक्सेज स्टोरी 01-महिला द्वारा साइबर अपराध से स्वयं को किया गया सुरक्षित तथा साइबर अपराधी को दी गयी चेतावनी- जनपद ललितपुर की पुलिस द्वारा साइबर क्राइम व अन्य हेल्प लाईन नम्बरो के सम्बन्ध में जो भी जागरूकता अभियान चलाये जाते हैं उसमें मैने भाग लिया था जिससे मुझे हेल्पलाईन नम्बर के बारे में जानकारी प्राप्त हुई थी । एक बार एक साइबर फ्राडस्टर का मेरे नम्बर पर फोन आया था, जिसने मुझसे रूपयों की मांग की थी । मुझे साइबर अपराध के बारे में जानकारी होने के कारण मैं डरी नही थी तथा मैने पैसे भी ट्रांसफर नही किये थे और उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करने की मेरे द्वारा चेतावनी दी गयी थी, जिससे उसने अपना मो0 बन्द कर लिया था ।

# खनन माफिया ने ट्रैक्टर चढ़ाकर किसान को मार डाला

**पीलीभीत।** पीलीभीत में अवैध खनन का विरोध करने पर माफियाओं ने एक किसान पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। मौके पर ही किसान की मौत हो गई। खनन माफिया के गुर्गे बाढ़ के बाद खेतों में जमा रेत निकाल रहे थे। जब किसान ने इसका विरोध किया तो गुर्गे ने उसे ट्रैक्टर से कुचल दिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद सैकड़ों की संख्या में लोग जुट गए। देर रात तक हंगामा होता रहा। मामला बुधवार देर रात नेपाल सीमावर्ती अशोकनगर गांव का है। यहां काफी समय से अवैध खनन किया जा रहा है। बुधवार रात करीब नौ बजे अशोकनगर गांव के पास कुछ लोग अवैध तरीके से ट्रैक्टर ट्राली लेकर मिट्टी खनन कर रहे थे। यह बात गांव के प्रधान पति सूर्यभान को पता चली। गांव के ही रहने वाले इंद्रजीत सिंह (60) कई ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और खनन का विरोध करने लगे। सभी ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने के लिए रास्ते में खड़े हो गए। इसके बाद ट्रैक्टर चालक गालियां देते हुए आया। बोला- रोकने की कोशिश की तो सभी को मार डालूंगा। लेकिन, सभी ग्रामीण वहीं खड़े रहे।

# नमामि गंगे के तहत मानसरोवर तालाब पर चला स्वच्छोत्सव अभियान

ललितपुर। तालबेहट स्वच्छोत्सव कार्यक्रम में श्री हजारिया महादेव मंदिर, तालबेहट स्थित मानसरोवर तालाब पर एक व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला गंगा समिति ने परमार्थ समाज सेवी संस्था के सहयोग से किया गया।जिसमें जल सहेलियों और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । अभियान का मुख्य उद्देश्य तालाब के घाटों और तटों को कूड़े-कचरे से मुक्त करना तथा जनजागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन औए उपरांत पौधरोपण से हुईद्य मुख्य अतिथि प्रभागीय निदेशक गौतम ने कहा, नमामि गंगे परियोजना सिर्फ गंगा नदी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य सभी जल स्रोतों को स्वच्छ और पुनर्जीवित करना है। जल सहेलियों के सक्रिय सहयोग से यह अभियान और भी सार्थक बन पड़ा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार ने कहा कि नगर पंचायत स्वच्छता के हर कार्य में



क्षेत्रवासियों के लिए सदैव तत्पर रहेगा द्य आसपास के निवासियों से अपील की गई कि वे तालाब के किनारे कूड़ा न फेंकें और इसकी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग दें। परमार्थ संगठन के संस्थापक संजय सिंह ने कहा कि वर्तमान में तालाब की स्वच्छता के लिए जो युवा कार्य कर रहे है वह सराहना के पात्र है द्य जल सहेलियों के साथ मिलकर इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे द्य परमार्थ संस्था के परियोजना प्रबंधक सिद्धगोपाल सिंह ने बताया कि जल सहेलियों द्वारा समूचे बुंदेलखंड में निरंतर जल संरक्षण व नदी पुनर्जीवन पर कार्य किये जा रहा है द्य अनुपम लिटोरिया ने तालाब के प्राचीन इतिहास के बारे में जानकारी साँझा की। कार्यक्रम के अंत में परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस स्वच्छता अभियान ने मानसरोवर तालाब की सफाई के साथ समुदाय के बीच स्वच्छता के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार भी किया है द्य कार्यक्रम में क्षेत्रीय वनाधिकारी प्रभु दयाल यादव, वन दरोगा पवन कुमार, वन रक्षक रंजना बाजपेयी, भूपेंद्र कुमार, अनिल कुमार, रीना रजा, प्रकृति रक्षक विक्रांत गौर, मानवेन्द्र सिंह सुरेन्द्र मोहन पाठक, शिवम दुबे आदि मौजूद रहे।

## गर्लफ्रेंड की हत्या कर प्रेमी ने खुद को उड़ाया

**बुलंदशहर।** यूपी के बुलंदशहर में प्रेमी-प्रेमिका ने पुलिस के सामने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। दोनों 5 दिन से फरार थे। परिवार और पुलिस से छिप रहे थे। जैसे ही पुलिस को उनकी लोकेशन मिली, टीम मौके पर पहुंच गई। दोनों को पकड़ने के लिए देर रात घेराबंदी की गई। साथ में परिजन भी मौजूद थे। दोनों घर के अंदर छिप गए। 16 साल की लड़की के फूफा ने बाहर से स्पीकर पर आवाज लगाई- मैं हूं, साथ में पुलिस भी है। डरने की कोई बात नहीं है। बाहर आ जाओ। दोनों बाहर नहीं आए तो पुलिस ने अंदर घुसने की कोशिश की। इतने में गोलियां चलने की आवाज आई। पुलिस पहुंची तो खून ही खून फैला था। चारों तरफ मांस के लोथड़े बिखरे हुए थे। दोनों के लहूलुहान शव जमीन पर पड़े थे। दोनों की कनपटी पर गोली लगी थी। 26 साल का प्रेमी मूल रूप से हरिद्वार और प्रेमिका मुजफ्फरनगर की रहने वाली थी। प्रेमी 25 दिन पहले ही लूट के मामले में जेल से बाहर आया था। पुलिस का कहना है कि युवक ने पहले प्रेमिका को गोली मारी और फिर खुद को गोली मारकर जान दे दी।

# पूरी गरिमा एवं सादगी के साथ मनायी जाएगी गांधी जयंती, शान से लहरायेगा तिरंगा : अपर जिलाधिकारी

## गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण व जीवन वृतान्त पर होगी चर्चा

ललितपुर। आगामी 02 अक्टूबर 2025 को गांधी जयंती समारोह के आयोजन हेतु अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव की अयध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन की गाइडलाइन के अनुरुप गांधी जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाएगा। 01 अक्टूबर की रात्रि से शासकीय भवनों को प्रकाशमान किया जाएगा, 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन महात्मा गांधी जी के चित्र के बगल में श्री लाल बहादुर शास्त्री जी का फोटोग्राफ लगाकर उनका भी सम्मान किया जाएगा तथा महात्मा गांधी जी के जीवन वृतान्त के साथ-साथ लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन वृतांत के बारे में भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी व अधिशासी अधिकारी नपा को निर्देश दिये कि गांधी जयंती के दिन मदिरा




की दुकाने बंद रखी जायें और पशु बध पर पूर्ण पाबंदी रखी जाए।

गांधी जयंती के अवसर पर प्रात: 07 बजे समस्त शिक्षण संस्थानों द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन कराया जाएगा। 07:45 बजे जिलाधिकारी द्वारा घण्टाघर स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया जायेगा। प्रात: 09 बजे समस्त राजकीय भवनो एवं कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा महात्मा गांधी जी के बड़े चित्र का अनावरण व माल्यार्पण कर उनके जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा व जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला जायेगा तथा विशेष रुप से निर्वलों एवं कमजोरों के कल्याण सम्बंधी अन्त्योदय की उनकी अवधारणा, एकता, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बंध में उनके विचारों का परिचय दिया जाएगा, जिससे स्कूल व कॉलेजों में गांधीवादी जीवन-दृष्टि का प्रचार हो सके तथा गांधी जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विद्यार्थियों की वाद-विवाद प्रतियोगिताओं व गोष्ठी आयोजित करायेंगे, जिसमें जातिगत भेदभाव से दूर रहकर समाज में समता, समरसता लाने पर बल दिया जायेगा, मानवाधिकारों की सुरक्षा तथा निर्बलों के उत्पीड़न को समाप्त करने के प्रति शासन की प्रतिबद्धता से जनसाधारण को अवगत कराया जायेगा। साथ ही महिलाओं की उन्नति के लिए गांधी जी के द्वारा दिखाये गये मार्ग का अनुकरण करायेंगे, साथ ही बालिका शिक्षा प्रसार, दहेज प्रथा की समाप्ति तथा महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देने के लिए सामाजिक चेतना पैदा की जाये तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से जनसामान्य विशेषकर महिलाओं को भिज्ञ कराने हेतु प्रभावी अभियान चलाया जाएगा।

प्रात: 09:15 बजे स्टेडियम से पैदल चाल प्रतियोगिता (05 कि0मी0 पुरुष तथा 03 कि0मी0 महिला) का आयोजन किया जाएगा। प्रात: 09:30 बजे मलिन बस्ती में सफाई कार्यक्रम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सफाई कर्मचारियों को प्रोत्साहन कार्यक्रम व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया जायगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप की हत्या की साजिश रचने वाला अमेरिकी नागरिक दोषी करार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की एक अदालत ने 59 वर्षीय रयान राउथ को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश का दोषी करार दिया। सितंबर 2024 में फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच स्थित ट्रंप इंटरनेशनल गोल्फ क्लब में हुई घटना में वह राइफल लेकर झाड़ियों में छिपा मिला था। अभियोजन पक्ष ने बताया कि राउथ ने करीब 10 घंटे तक इंतजार किया और ट्रंप पर निशाना साधा, लेकिन एक सीक्रेट सर्विस एजेंट ने उसे गोली चलाते हुए देख लिया था। राउथ बिना गोली चलाए भाग गया, लेकिन कुछ घंटों बाद हाईवे पर गिरफ्तार हो गया। मौके से एसकेएस राइफल, बुलेटप्रूफ प्लेटें और कैमरा बरामद हुआ। राउथ पर हत्या की कोशिश, संघीय एजेंट को बाधा पहुंचाने और हथियार रखने सहित पांच आरोपों में दोष साबित हुआ। उसे आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है।

### कोस्टा रिका के राष्ट्रपति रोड्रिगो चावेस को संसद में बड़ी राहत, सरकारी वकील बोले– जांच जारी रहेगी

**सैन जोस, एजेंसी।** मध्य अमेरिकी देश कोस्टा रिका के राष्ट्रपति रोड्रिगो चावेस को बड़ी राहत मिली है। संसद में उनकी प्रतिरक्षा समाप्त करने के प्रस्ताव पर मतदान कराया गया। मंगलवार को उनके विरोधी खेमे को इस प्रयास में असफलता हाथ लगी। विपक्ष को 38 वोटों की जरूरत थी, लेकिन केवल 34 वोट मिले। 21 ने प्रस्ताव का विरोध किया और दो अनुपस्थित रहे। यह देश के इतिहास में पहली बार था कि किसी वर्तमान राष्ट्रपति के खिलाफ ऐसे प्रस्ताव पर मतदान हुआ। चावेस पर आरोप है कि उन्होंने एक वीडियो निर्माता पर दबाव डाला कि वह अनुबंध की राशि का हिस्सा उनके पूर्व अभियान सलाहकार को दे। अटॉर्नी जनरल कार्लो डियाज़ ने कहा कि जांच जारी रहेगी और चावेस की प्रतिरक्षा उनके कार्यकाल (मई तक) समाप्त होने के बाद हट सकती है।

### न्यूयॉर्क के जाम में फंसने पर मैक्रों ने ट्रंप को किया फोन

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उच्चस्तरीय सत्र के दौरान न्यूयॉर्क सिटी की सड़कों पर लगे जाम में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों फंस गए। पुलिस ने उनके दल को रोक दिया, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप के काफिले के लिए सड़कें बंद थीं। मैक्रों से एक पुलिस अधिकारी ने कहा, मिस्टर प्रेसिडेंट माफ कीजिए। अभी सब कुछ बंद है। ट्रंप का काफिला गुजर रहा है, जिससे ऐसा हुआ है। इसके बाद मैक्रों ने तुरंत ट्रंप को फोन किया और कहा, आप कैसे हैं? आप जानते हैं, मैं सड़क पर फंस गया हूं, क्योंकि आपके लिए सब बंद है। जब ये बातचीत हो रही थी, तब तक ट्रंप का काफिला जा चुका था। हालांकि मैक्रों कार में फिर नहीं बैठे। वह करीब आधे घंटे तक टहलते रहे और ट्रंप से फोन पर बात करते रहे।

### श्रीलंका के पूर्व आव्रजन प्रमुख को अवमानना के आरोप में 2 साल कैद

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के पूर्व आव्रजन प्रमुख हर्ष इलुकपिटिया को अवमानना के आरोप में सुप्रीम कोर्ट ने दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इलुकपिटिया पर पर्यटक वीजा प्रक्रिया संबंधी निर्देश की अवहेलना करने का आरोप है। इस मामले में वह पिछले साल 25 सितंबर से हिरासत में थे। तीन जजों की पीठ ने मंगलवार को इलुकपिटिया को आउटसोर्स इलेक्ट्रॉनिक पर्यटक वीजा–ऑन–अराइवल प्रणाली को रोकने और पुरानी व्यवस्था पर लौटने, अदालत के जुलाई 2024 के आदेश को लागू करने में विफल रहने का दोषी ठहराया।

### भ्रष्टाचार के मामले में चीन के शीर्ष वैज्ञानिक हिरासत में

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में भ्रष्टाचार के एक मामले में शीर्ष वैज्ञानिक यू फैक्सिन को हिरासत में लिया गया है। यू सैन्य उपकरणों के लिए सेमीकंडक्टर चिप्स बनाने में विशेषज्ञता रखते हैं। वह हांग्जो स्थित झेजियांग विवि के एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स स्कूल में प्रोफेसर भी हैं। यू की कंपनी झेजियांग ग्रेट माइक्रोवेव टेक्नोलॉजी ने एक बयान में कहा, उसे रविवार को पता चला कि उन्हें हुआंगशी के पर्यवेक्षी आयोग ने हिरासत में लिया है। हालांकि, कंपनी ने यह नहीं बताया कि उन पर क्या आरोप हैं।

### गलत आरोप झेलने वाले दो अश्वेतों को 1.50 लाख डॉलर

**बोस्टन , एजेंसी।** अमेरिका के बोस्टन में साल 1989 में एक हाई–प्रोफाइल हत्या हुई थी। इस मामले में गलत तरीके से आरोपी बनाए गए दो अश्वेत पुरुषों, एलन स्वानसन और विली बेनेट को शहर से 1.5 लाख डॉलर का मुआवजा मिला है। कैरोल स्टुअर्ट की हत्या उसके पति चार्ल्स स्टुअर्ट ने की थी, लेकिन उसने झूठा आरोप एक अश्वेत हमलावर पर लगाया।

# तुर्किये के राष्ट्रपति ने यूएन में फिर कश्मीर मुद्दा उठाया

## कहा– भारत–पाकिस्तान सुरक्षा परिषद की मदद लें, 2019 से 6 बार जिक्र कर चुके

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने मंगलवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत के जरिए कश्मीर मुद्दे को हल करने की वकालत की। एर्दोगन ने कहा, हमें खुशी है कि अप्रैल में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद सीजफायर हुआ। कश्मीर के हमारे भाइयों और बहनों के लिए, इस मुद्दे को यूएन सुरक्षा परिषद की मदद से सुलझाना चाहिए। भारत पहले भी ऐसी टिप्पणियों को खारिज कर चुका है। भारत का कहना है कि, जम्मू-कश्मीर हमारा आंतरिक मामला है। एर्दोगन 2019 से हर साल (2024 छोड़कर) यूएन में कश्मीर का जिक्र करते रहे हैं, जिसमें वे पाकिस्तान के तरफ अपना समर्थन दिखाते हैं।



**तुर्किये ने भारत-पाक संघर्ष के दौरान पाकिस्तान का साथ दिया :** एर्दोगन ने भारत-पाक संघर्ष के बाद 17 मई,2025 को कश्मीर मुद्दे को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की थी। उन्होंने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। एर्दोगन ने कहा था कि वो कश्मीर मुद्दा सुलझाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे। उन्होंने भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। एर्दोगान ने कहा था ने कि अगर दोनों देश तैयार हो तो वो कश्मीर मामले में रोल निभाएंगे। हम शांति चाहते हैं, हम दो पड़ोसियों के बीच कोई तनाव नहीं चाहते। वही, इस्तांबुल में 24 मई,2025 को शहबाज शरीफ और एर्दोगन से मुलाकात की थी। इस दौरान एर्दोगन ने पाकिस्तान को खुफिया जानकारी, टेक्नोलॉजिकल सपोर्ट, एनर्जी, ट्रांसपोर्ट और डिफेंस सेक्टरों में सहयोग देने का बाद कही थी।

**भारत बोला था– जम्मू-कश्मीर हमारा अभिन्न अंग :** एर्दोगन की टिप्पणी पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। किसी दूसरे देश को इस पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, किसी देश के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने के बजाय, यह अच्छा होता कि सीमा पार आतंकवाद को रोकने पर बात करते, जो जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे बड़ा खतरा बनी हुई है।

**आईआईसी ने भारत से कश्मीरी कैदियों को छोड़ने को कहा :** इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के जम्मू-कश्मीर संपर्क समूह की बैठक 23 सितंबर को महासभा के दौरान हुई। बैठक में अजरबैजान, पाकिस्तान, तुर्किये, सऊदी अरब और नाइजर के विदेश मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। ओआईसी महासचिव हिसेन ब्राहिम ताहा ने इसकी अध्यक्षता की। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के विशेष सहायक सैयद तारिक फातमी ने भारतीय हिस्से वाले जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर जानकारी दी। समूह ने भारत-पाक के बीच सीजफायर को अच्छा कदम बताया। साथ ही, जोर दिया कि कश्मीर मुद्दे का हल करने से ही स्थायी शांति संभव है। इसके अलावा प्रमुख कश्मीरी नेता शब्बीर अहमद शाह को लगातार हिरासत में रखने और जमानत न देने पर चिंता जताई। समूह ने ओआईसी के मानवाधिकार आयोग से आजाद जम्मू-कश्मीर और कंट्रोल लाइन पर जांच करवाने की मांग की ताकि वहां की स्थिति की सटीक जानकारी मिल सके। वहीं, समूह ने भारत से आईओजेके में लोगों की स्थिति में सुधार करने, सभी कश्मीरी राजनीतिक कैदियों को रिहा करने, गैरकानूनी कश्मीरी राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध हटाने, सभी कठोर कानूनों को हटाने और जम्मू-कश्मीर पर यूएन सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने की मांग की।

**गाजा में इजराइली हमलों की निंदा की :** कश्मीर के अलावा एर्दोगन ने अपने भाषण में इजराइल के गाजा में हमले की निंदा की। उन्होंने इसे जीवन का खात्मा करने वाला बताया। एर्दोगन ने कहा, हम यहां बैठकर बात कर रहे हैं, वहां, गाजा में एक नरसंहार जारी है। गाजा में 23 महीनों से हर घंटे एक बच्चे की मौत हो रही है। ये सिर्फ आंकड़े नहीं, मासूम जिंदगियां हैं।

**फिलिस्तीन को मान्यता देने की मांग की :** एर्दोगन ने दुनिया से फिलिस्तीन के समर्थन में खड़े होने और इंसानियत के नाम पर उसे मान्यता देने की मांग की। उन्होंने उन देशों को शुक्रिया कहा, जिन्होंने फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दे दी है।

# ट्रंप से बात के बाद बोलीं उर्सुला- चरणबद्ध तरीके से टैरिफ हटेगा, सदस्यों को मानना ही होगा

**न्यूयार्क, एजेंसी।** 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को संबोधित करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ भी बातचीत की। इस वार्ता के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी उस बात को फिर दोहराया कि संयुक्त राष्ट्र कभी अपनी क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं कर सका। उन्होंने कहा, मैंने सात युद्ध रोके और संयुक्त राष्ट्र ने मेरी कोई मदद नहीं की। मुझे कभी फोन तक नहीं किया गया... किसी दिन यूएन वही करेगा जो मैं कर रहा हूं।

**संयुक्त राष्ट्र ने हमारी मदद नहीं की :** उन्होंने कहा, अगर संयुक्त राष्ट्र वाकई अपना काम कर रहा है, तो हमें कोई युद्ध नहीं करना चाहिए... आपके पास एक बेहतरीन अवधारणा हो सकती है, लेकिन अगर आपके पास सही लोग नहीं हैं तो निर्णय नहीं होते। हमने इन सभी युद्धों को (समाधान किया) है। संयुक्त राष्ट्र ने हमारी मदद नहीं की... उन्होंने कुछ नहीं किया, जबकि इन समस्याओं का समाधान उन्हें (यूएन) को करना चाहिए। चरणबद्ध तरीके से टैरिफ हटाने का फैसला, ईयू सदस्यों को प्रतिबंधों पर सहमत होना होगा रूस पर सख्त कार्रवाई और टैरिफ के मुद्दे पर यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला



वॉन डेर लेयेन ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप बिल्कुल ठीक कह रहे हैं... हमने रूस से गैस की आपूर्ति में पहले ही भारी कटौती कर दी है... हम यूरोपीय संघ को आने वाली तेल आपूर्ति पर टैरिफ लगाना चाहते हैं... हम इससे पहले ही बाहर निकलना चाहते हैं। साल के अंत तक, हमने चरणबद्ध तरीके से टैरिफ हटाने का फैसला कर लिया है। अब हमारे पास प्रतिबंधों का प्रस्ताव है। सदस्य देशों को इस पर सहमत होना होगा।

**कोलंबिया में सोने की खान में फंसे 20 से अधिक श्रमिक : बोगोटा , एजेंसी।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के उत्तरी भाग में एक सोने की खान धंसने के बाद 20 से अधिक श्रमिक फंस गए हैं। कनाडा की खनन कंपनी के अनुसार, मुख्य शाफ्ट ढहने के बाद में कंपनी के पांच कर्मचारी फंस गए। बचावकर्मी फंसे खनिकों तक भोजन और पानी पहुंचा रहे हैं और उन्हें बुधवार तक सतह पर लाने की उम्मीद है। राष्ट्रीय खनन एजेंसी के अनुसार, सेगोविया नगर में 25 लोग फंसे हैं।

# इटली की पीएम मेलोनी बोलीं- जंग खत्म कराने में भारत अहम भूमिका निभा सकता है

**रोम, एजेंसी।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि भारत दुनिया में चल रहे संघर्षों को सुलझाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शांति प्रयासों की सराहना की। मेलोनी ने बताया कि उन्होंने हाल ही में मोदी से वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर बातचीत की, जिसमें यूक्रेन युद्ध और भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने निवेश, रक्षा, सुरक्षा, शिक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग को बढ़ाने पर जोर दिया।

इटली की पीएम ने फिलिस्तीन मुद्दे पर भी रुख साफ किया और कहा कि उनका देश केवल तभी फिलिस्तीन को मान्यता देगा जब हमास सरकार में शामिल न हो और सभी इजराइली बंधक रिहा किए जाएं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय दबाव हमास पर होना चाहिए, न कि इजराइल पर।

**ताइवान ने चीनी सैन्य जहाज का पता लगाया : ताइपेई, एजेंसी।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार सुबह करीब छह बजे (स्थानीय समय) अपने जल क्षेत्र के



आसपास एक चीनी सैन्य जहाज का पता लगाया। आमतौर पर पीएलए के विमान दिखते हैं, लेकिन इस बार कोई भी विमान नहीं दिखा। मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज सुबह छह बजे ताइवान के आसपास पीएलए के नौसेना के एक जहाज का पता चला। ताइवान के सशस्त्र बलों ने स्थिति की निगरानी की और प्रतिक्रिया दी। हवाई मार्ग पर पीएलए का कोई भी विमान सक्रिय नहीं था, इसलिए हवाई मार्ग का कोई नक्शा या चित्र नहीं बन सका।

# हॉन्गकॉन्ग पहुंचा साल का सबसे शक्तिशाली तूफान, सुपर टाइफून रागासा से ताइवान में 14 मौतें

**हॉन्गकॉन्ग, एजेंसी।** हॉन्गकॉन्ग में दो दिन से सुपर टाइफून रागासा के चलते भारी बारिश हो रही है। रॉयटर्स के मुताबिक ये साल 2025 का सबसे खतरनाक तूफान है। इसका असर ताईवान और चीन तक देखने को मिल रहा है। ताईवान में तूफान से 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं।

हॉन्गकॉन्ग में हवाएं 200 किमी/घंटा की रफ्तार से चल रहीं हैं, हॉन्गकॉन्ग आब्जरवेटरी ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ घंटों में तूफान घनी आबादी वाले शहरों के सबसे करीब होगा। साथ ही समुद्र का स्तर दोपहर तक 4 मीटर तक पहुंच सकता है। वहीं, हॉन्गकॉन्ग के फुलरटन होटल में समुद्र का पानी घुस गया, जिससे भारी नुकसान हुआ। त्सेंग क्वान और लांताउ द्वीप पर हवाई अड्डे के पास बाढ़ ने समुद्र तटों को तबाह कर



दिया। चीन के मौसम ब्यूरो ने रागासा को तूफानों का राजा बताया। रागासा एक फिलिपीनी शब्द है, जिसका मतलब जुनूनी होता है।

**हॉन्गकॉन्ग में उड़ानें रद्द, ताइवान में संचार सेवाएं ठप हुई :** हॉन्गकॉन्ग एयरपोर्ट पर भी टाइफून का असर दिखा। सुरक्षा कारणों से सैकड़ों उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और हजारों यात्री फंसे रहे। शहर की मेट्रो और बस सेवाएं भी बाधित हुईं। कई इलाकों में पानी भरने से दुकानें और घरों को नुकसान पहुंचा है। यहां प्रशासन ने लोगों को घरों से बाहर न निकलने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है। ताइवान में स्थिति और भी गंभीर है। यहां भारी बारिश से लैंडस्लाइड और जलभराव की घटनाएं सामने आईं। राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है। खराब मौसम की वजह से सेना और बचाव दल को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई इलाकों में बिजली और संचार सेवाएं ठप हो गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

**चीन ने 7.7 लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया :** चीन के गुआंगडोंग प्रांत के तट की ओर बढ़ते हुए इसकी सुपर टाइफून तीव्रता बरकरार रहने की उम्मीद है, जहां 125 मिलियन से अधिक लोग रहते हैं, तथा जहां दोपहर (0400 GMT) से इसके पहुंचने की उम्मीद है।

चीन के ग्वांगडोंग प्रांत में 7.7 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। ग्वांगझोउ और शेनझेन जैसे बड़े शहरों में स्कूल, परिवहन और हवाई सेवाएं बंद हैं। समुद्र में 2.8 मीटर तक ऊंची लहरों की चेतावनी दी गई है।

# जर्मनी ने भारतीय कामगारों को आने का न्योता दिया

**बर्लिन, एजेंसी।** भारत में जर्मन राजदूत फिलिप एकरमैन ने सोशल मीडिया और एक वीडियो मैसेज के जरिए कहा कि जर्मनी भारतीय प्रतिभाओं के लिए बेहतर और स्थिर विकल्प है। एकरमैन ने बताया कि जर्मनी की इमिग्रेशन पॉलिसी अचानक नहीं बदलती, बल्कि यह भरोसेमंद है। उन्होंने इसकी तुलना जर्मन कार से की, जो भरोसमंद, एडवांस होती हैं। एकरमैन ने कहा कि हम कड़ी मेहनत में यकीन करते हैं और अपनी बेस्ट जॉब, बेस्ट लोगों को देना चाहते हैं। एकरमैन ने यह भी कहा कि भारतीय जर्मनी में सबसे ज्यादा कमाई करने वालों में गिने जाते हैं। उन्होंने बताया कि जहां एक औसत जर्मन कामगार 3,945 यूरो (4.13 लाख रुपए) महीना कमाता है, वहीं भारतीय मूल के पेशेवर औसतन 5,359 यूरो (5.60 लाख रुपए)



कमाते हैं। राजदूत ने कहा कि इसका मतलब है भारतीय न सिर्फ मेहनती हैं बल्कि जर्मन समाज और अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान भी देते हैं।

**जर्मनी को करीब 3 लाख प्रवासियों की जरूरत :** जर्मनी को यह पहल इसलिए भी करनी पड़ रही है क्योंकि वहां की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए 2040 तक हर साल लगभग 2.88 लाख प्रवासियों की जरूरत होगी। इस कमी को पूरा करने के लिए जर्मनी ने 2024 से पेशेवर वीजा की संख्या 10 % से ज्यादा बढ़ाने और भारतीयों के लिए खास मौके दिए जाने की घोषणा की है। पिछले साल जर्मन सरकार ने 2025 में 2 लाख पेशेवर वीजा जारी करने का वादा किया था, जिनमें से 90,000 भारतीयों के लिए तय किए गए। यह संख्या पहले की सीमा 20,000 से कई गुना ज्यादा है। इस समय तकरीबन 1.3 लाख भारतीय पेशेवर जर्मनी में रहकर काम कर रहे हैं और उनकी औसत कमाई स्थानीय कामगारों से कहीं अधिक है।

**अमेरिका में मोहम्मद यूनुस का पुरजोर विरोध, काफिले पर अंडे फेंके गए : न्यूयॉर्क , एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस को न्यूयॉर्क में विरोध का सामना करना पड़ा। शेख हसीना की अवामी लीग के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने यूनुस के काफिले पर अंडे फेंके और उनके सहयोगी अख्तर हुसैन को आतंकवादी कहकर नारेबाजी की। हुसैन 2024 में हसीना विरोधी छात्र आंदोलन के नेता रहे थे। हालांकि यूनुस के साथ आए बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी नेताओं को निशाना नहीं बनाया गया। यूनुस ने अमेरिका के विशेष दूत सर्जियो गोर से मुलाकात में कहा कि फरवरी 2026 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराए जाएंगे। बैठक में व्यापार, क्षेत्रीय सहयोग, सार्क पुनर्जीवन, रोहिंग्या संकट और दुष्प्रचार जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। यूनुस ने रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए निरंतर अमेरिकी सहयोग की मांग की।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा में कोलंबिया के राष्ट्रपति ने की ट्रंप के खिलाफ आपराधिक जांच की मांग की

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक में भाषण देते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अन्य अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक जांच की मांग कर दी। पेट्रो ने यह मांग इस महीने कैरेबियाई सागर में नावों पर हुए अमेरिकी हमलों के बाद उठाई, जिनमें कई लोगों की मौत हुई थी। बता दें कि अमेरिका ने इन हमलों को लेकर दावा किया था कि उसके निशाने पर मादक पदार्थ ले जा रहे तस्कर गिरोह थे और नावों के जरिए तस्करी ही हो रही थी। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, दो सितंबर को हुए पहले हमले में 11 लोग मारे गए थे। इसके बाद 16 सितंबर को दूसरे हमले में तीन लोगों की मौत हुई और फिर शुक्रवार को तीसरे हमले में भी तीन लोगों की जान गई। अमेरिका ने इन सभी नावों में ड्रग्स होने की बात कही थी।

**क्या बोले कोलंबिया के राष्ट्रपति :** कोलंबियाई राष्ट्रपति ने अमेरिका की तरफ से कैरिबियाई सागर में तीन हमलों की निंदा करते हुए कहा कि इन नावों पर सवार लोग वेनेजुएला के ट्रेन डे अरागुआ गिरोह से जुड़े नहीं थे, जैसा कि ट्रंप प्रशासन ने दावा किया था। उन्होंने कहा, आपराधिक कार्रवाई उन अधिकारियों पर शुरू होनी चाहिए, चाहे वह आदेश देने वाला सबसे ऊंचा पदाधिकारी ही क्यों न हो- यानी राष्ट्रपति ट्रंप। पेट्रो ने अमेरिका के मादक पदार्थ ले जा रही नावों को निशाना बनाने का दावा भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि इन नावों



में सवार यात्री महज गरीब लातिन अमेरिकी युवा थे, जिनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं था। पेट्रो ने महासभा में कहा, उन्होंने (अमेरिका ने) कहा कि कैरेबियन में मिसाइलों का इस्तेमाल ड्रग तस्करी रोकने के लिए किया गया। यह एक झूठ है। क्या वास्तव में निहत्थे, गरीब युवाओं पर बम बरसाना जरूरी था?

**वेनेजुएला के राष्ट्रपति भी कर चुके हैं अमेरिका की आलोचना :** दूसरी तरफ वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने भी कहा कि उनकी सरकार अमेरिकी हमलों से निपटने के लिए संवैधानिक आदेश जारी करने की तैयारी कर रही है। मादुरो ने आरोप लगाया कि अमेरिका मादक पदार्थ तस्करी का बहाना बनाकर सैन्य कार्रवाई कर रहा है, ताकि उनकी सरकार को गिराया जा सके।

**अमेरिका ने अब तक नहीं दिए नावों में नशीले पदार्थ होने से जुड़े सबूत :** दूसरी तरफ अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए जरूरी थी। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि अमेरिका ने नावों में लदे कार्गो का आकलन कैसे किया और यात्रियों को गैंग से जुड़ा हुआ कैसे घोषित किया।

# ट्रंप प्रशासन का यू-टर्न-फिर काम पर बुलाए गए नौकरी से हटाए गए सरकारी कर्मचारी, मस्क की कटौती नीति पड़ी महंगी

**मियामी, एजेंसी।** अमेरिका में जिन सैकड़ों संघीय कर्मचारिंं की नौकरियां चली गई थीं, अब उन्हें वापस काम पर बुलाया जा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार रहे एलन मस्क की सरकारी खर्चों में कटौती करने की योजना के तहत इन कर्मचारियों को हटाया गया था। सामान्य सेवा प्रशासन (जीएसए) ने इन कर्मचारियों को कहा कि इस हफ्त तक बताएं कि वे दोबारा नौकरी करना चाहते हैं या नहीं। ये कर्मचारी सरकारी दफ्तरों में देखभाल का काम करते थे। सरकारी नोटिस के मुताबिक, जो कर्मचारी लौटने को तैयार हैं, उन्हें छह अक्तूबर से काम पर लौटना होगा। इन सात महीनों में वे काम पर नहीं थे, लेकिन उन्हें वेतन मिलता रहा। इस दौरान जीएसए को कई सरकारी इमारतों के किराए पर भारी खर्च उठाना पड़ा। इसका बोझ आखिरकार करदाताओं पर ही पड़ा। जीएसए के एक पूर्व अधिकारी चाड बेकर ने कहा कि एजेंसी में कर्मचारियों की



भारी कमी हो गई थी और बुनियादी काम भी सही तरीके से नहीं हो पा रहे थे। अब एजेंसी को आपातकालीन स्थिति में चलाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मस्क और उनके सरकारी दक्षता विभाग (डॉज) ने बहुत जल्दी ज्यादा कटौती कर दी थी। जीएसए को 1940 के दशक में स्थापित किया गया था, ताकि सरकारी दफ्तरों को खरीदने और उनका प्रबंधन करने का सारा काम एक ही जगह से किया जा सके। कर्मचारियों को फिर से वापस काम पर बुलाने का फैसला केवल जीएसए में ही नहीं, बल्कि अन्य एजेंसियों में भी देखने को मिल रहा है। आयकर विभाग और श्रम विभाग ने भी कुछ पुराने कर्मचारियों को फिर से काम पर रखा है। राष्ट्रीय पार्क सेवा ने भी कुछ लोगों को वापस बुलाया है। जीएसए के लिए स्थिति संभालना जरूरी हो गया था, क्योंकि मार्च से हजारों कर्मचारियों ने या तो खुद सेवानिवृत्ति ले ली या उन्हें जबरन नौकरी छोड़ने को कहा गया। इसके अलावा, सैकड़ों कर्मचारियों को सीधे नौकरी से निकाल दिया गया। हालांकि, इन सभी को सितंबर के अंत तक वेतन मिलता रहा। जीएसए ने इस फैसले पर विस्तार से कुछ नहीं कहा और न ही कर्मचारियों की संख्या या खर्च को लेकर जानकारी दी। केवल इतना कहा गया कि जीएसए नेतृत्व ने कर्मचारियों से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की है और जो भी निर्णय लिया गया है।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में जफर एक्सप्रेस पटरी से उतरी, ट्रेक पर विस्फोट होने से कई डब्बे पलटे

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को जफर एक्सप्रेस ट्रेन पटरी से उतर गई। ट्रेक में विस्फोट होने से कई डिब्बे पलट गए। कम से कम तीन डिब्बे क्षतिग्रस्त हुए



और मौके पर रेस्क्यू टीम भेजी गई। यह हमला पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर विस्फोट होने के कुछ घंटे बाद हुआ। इस साल 11 मार्च को भी इसी रूट पर जफर एक्सप्रेस पर हमला हुआ था, जिसमें छह सैनिक मारे गए और 450 से अधिक यात्री हथियारबंद मिलिटेंट्स द्वारा बंधक बनाये गए थे। उस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली थी और उन्होंने चेतावनी दी थी कि किसी भी सैन्य प्रतिक्रिया से स्थिति और बिगड़ सकती है। बलूचिस्तान में अलगाववादी हिंसा लंबे समय से जारी है और सुरक्षा बलों के लिए यह लगातार खतरा बना हुआ है।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज लिए भारतीय क्रिकेट टीम घोषित शुभमन ही रहेंगे कप्तान , जडेजा उपकप्तान बने

**–करुण और अभिमन्यु बाहर हुए , नीतीश व देवदत्त शामिल**

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अगले माह वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी है। इस सीरीज में भी शुभमन गिल ही कप्तान रहेंगे पर उपकप्तानी में बदलाव करते हुए रवींद्र जडेजा को उपकप्तान बनाया गया है। इसका कारण ये है कि इंग्लैंड दौरे में उपकप्तान रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हैं। उनकी जगह ध्रुव जुरेल को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर शामिल किया गया है।

वहीं बल्लेबाज करुण नायर और अभिमन्यु ईश्वरन को टीम में जगह नहीं मिली है, ये दोनों इंग्लैंड दौरे पर टीम में शामिल थे। दूसरी ओर युवा ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी और देवदत्त पडिक्कल को टीम में शामिल किया गया है।

**करुण इसलिए हुए बाहर**

करुण के इस सीरीज से बाहर होने के साथ ही उनका टेस्ट करियर समाप्त माना जा रहा है। इसका कारण है कि आठ साल बाद वापसी करते हुए इंग्लैंड दोरे वह कुछ खास नहीं कर पाये। चार टेस्ट की आठ पारियों में वह 205 रन ही बना पाए थे।

**पडिक्कल को इस कारण मिली जगह**

देवदत्त पडिक्कल को कुछ दिन पहले ही ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ शानदार 150 रनों की पारी खेलने के लिए टीम में जगह मिली है।

**ऋषभ के फिट नहीं होने से जुरेल को मिला अवसर**

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं। इस कारण उनकी जगह जुरेल विकेटकीपर के तौर पर पहली पसंद बने।

**नीतीश रेड्डी को इस कारण मिली जगह**

पिछली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के कारण नीतीश को एक बार फिर टीम में अवसर मिला है। इंग्लैंड दौरे में उन्हें चोटिल होने के कारण बीच में ही लौटना पड़ा था।

**टेस्ट सीरीज का कार्यक्रम**

टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 2 अक्टूबर से 6 अक्टूबर के बीच होगा जबकि दूसरा टेस्ट अरुण जेटली स्टेडियम में 10 अक्टूबर से 14 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा।

टीम इस प्रकार हैः शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नीतीश रेड्डी, एन जगदीशन, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव।




## जापान ओपनः चोटिल अल्काराज ने सेबेस्टियन बाएज को हराया




**टोक्यो (एजेंसी)।** विश्व के नवंबर टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने गुरुवार को जापान ओपन टेनिस के पहले दौर में अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज को 6-4, 6-2 से हराकर एक भयावह चोट के डर को मात दी।

एरियाके कोलोसियम में खेले गये मुकाबले में उस समय सन्नाटा छा गया जब स्पेन के दिग्गज अल्काराज मैच के 20 मिनट बाद दर्द से कराहते हुए पीठ के बल गिर पड़े और उनका सिर और बायां टखना दोनों ही चोटिल हो गए। उन्हें चिकित्सा सहायता की आवश्यकता पड़ी। लेकिन छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने न केवल पहला सेट जीता, बल्कि बारिश के कारण देरी के बाद भी अर्जेंटीना के अपने प्रतिद्वंद्वी को मात दी। वे चिकित्सा सहायता के लिए बेंच पर गए और वापसी करने में कामयाब रहे, उन्होंने अपना दूसरा ब्रेक पॉइंट हासिल करके 5-4 की बढ़त बना ली। इसके बाद अल्काराज को एक बड़ा ब्रेक मिला क्योंकि कोर्ट पर बारिश शुरू हो गई थी, जिससे छत बंद करने के लिए खेल 20 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया, इस दौरान उनके टखने पर पट्टी लगी हुई थी। दो बार खेल स्थगित होने के बाद अल्काराज ने सेट पूरा किया और दूसरे सेट पर पूरी तरह नियंत्रण के साथ 90 मिनट में जीत हासिल कर ली।

मैच के बाद अल्काराज ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैच की शुरुआत में जो कुछ भी हुआ, उसके अलावा मैंने बेहतरीन टेनिस खेला। मैं जीत हासिल करके खुश हूं और मुझे खुशी है कि मैं मैच के अंत तक खेल पाया।' अलकाराज को उम्मीद है कि वह शनिवार को बेल्जियम के जिजो बर्ग्स के खिलाफ दूसरे दौर के मुकाबले में खेल सकते हैं, लेकिन वह अपनी उपलब्धता के बारे में पूरी तरह से प्रतिबद्ध नहीं थे। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता, अगले मैच से पहले मेरे लिए यह डेढ़ दिन का महत्वपूर्ण समय है। देखते हैं क्या होता है। मैं अच्छी स्थिति में रहने के लिए जो भी करना होगा, करुंगा और मैं अगले दौर में खेलने के लिए तैयार हूं।'

## अभिषेक ने एशिया कप में रोहित और जयसूर्या का रिकार्ड तोड़ा

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ सुपर फोर मुकाबले में पांच छक्के लगाने के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की है। अभिषेक ने इस मैच में रोहित शर्मा का भारत की ओर से एशिया कप में सबसे अधिक 12 छक्के लगाने का रिकार्ड तोड़ दिया। वहीं दुनिया भर की बात करे तो सबसे अधिक 14 छक्के का रिकार्ड श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनत जयसूर्या का था और वह भी अभिषेक ने तोड़ दिया। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में अभिषेक ने पहला छक्का लगाते ही रोहित के 12 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अब तक अभिषेक ने 17 छक्के लगा दिये हैं। अभिषेक ने बांग्लादेश के खिलाफ 37 गेंदों में 5 छक्कों और 6 चौकों की सहायता से 75 रन बनाये।

अभिषेक ने इसी के साथ ही एशिया कप के एक संस्करण में किसी बल्लेबाज द्वारा लगाए गए सर्वाधिक छक्कों के जयसूर्या के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। जयसूर्या ने एशिया कप के एक ही सत्र में 14 छक्के लगाये थे।




**एक एशिया कप में किसी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक छक्के**

17 - अभिषेक शर्मा (भारत) - टी20, 2025
14 - सनथ जयसूर्या (श्रीलंका) - एकदिवसय, 2008
13 - रोहित शर्मा (भारत) - एकदिवसीय, 2018
12 - शाहिद अफरीदी (पाकिस्तान) - एकदिवसीय, 2010
12 - रहमानुल्लाह गुरबाज (अफगानिस्तान) - टी20, 2022।

# श्रेयस ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए कप्तान बनाये गये

**–ईरानी कप में रजत शेष भारत टीम की कप्तानी करेंगे**

**मुम्बई (एजेंसी)।** पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाली तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज के लिए भारत ए के कप्तान बनाये गये हैं। ये सीरीज 30 सितंबर से कानपुर में शुरु होगी। वहीं श्रेयस के अभी टेस्ट टीम में वापसी की संभावना नहीं है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार श्रेयस ने फिट नहीं होने के लिए अगले छह माह तक टेस्ट नहीं खेलने की बात कही है।

अय्यर ने हाल ही में चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर को बताया है कि वह कमर की तकलीफ के कारण अभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेल सकते। इसी कारण उन्हें वेस्टइंडीज दौरे के लिए भी टीम में शामिल नहीं किया गया है। भारत ए टीम में स्पिनर रवि बिश्नोई, विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, हरफनमौला रियान पराग और आयुष बदोनी को भी शामिल किया गया है।वहीं भारतीय टीम के साथ यूएई में एशिया कप खेल रहे हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह पहला मैच नहीं खेल पायेंगे और इसके बाद के दो मैचों के लिए टीम से जुड़ जाएंगे। दूसरी ओर रजत पाटीदार को विदर्भ के खिलाफ नागपुर में एक अक्टूबर से होने वाले ईरानी कप मैच के लिए शेष भारत की कप्तानी मिली है। पहले एकदिवसीय के लिए भारत ए टीमः श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रभसिमरन सिंह, रियान पराग, आयुष बडोनी, सूर्यांश शेडगे, विपराज निगम, निशांत सिंधू, गुरजपनीत सिंह, युधवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल, प्रियांश आर्य और सिमरजीत सिंह।

दूसरे और तीसरे एकदिवसीय के लिए भारत ए टीमः श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरन सिंह, रियान पराग, आयुष बडोनी, सूर्यांश शेडगे, विपराज निगम, निशांत सिंधू, गुरजपनीत सिंह, युधवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह

शेष भारत टीम (ईरानी कप)ः रजत पाटीदार (कप्तान ), अभिमन्यु ईश्वरन , आर्यन जुयाल, रूतुराज गायकवाड़, यश ढुल, शेख रशीद, ईशान किशन, तनुष कोटियान, मानव सुतार, गुरनूर बरार, खलील अहमद, आकाश दीप, अंशुल कम्बोज और सारांश जैन।



## सैमसन को पांचवें नंबर पर भी नहीं उतारने से गंभीर की रणनीति पर उठे सवाल

मुम्बई ।बांग्लादेश के खिलाफ हुए सुपर फोर मैच में पांच विकेट गिरने के बाद भी संजू सैमसन को बल्लेबाजी के लिए नहीं भेजने को लेकर भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर टीम आलोचकों के निशाने पर हैं।इस मैच में सैमसन से पहले शिवम दुबे और अक्षर पटेल को उतार दिया गया।वहीं संजू बैठे रह गये।इससे टीम अधिक रन नहीं बना पायी।अक्षर पटेल 15 गेंदों में 10 रन और शिवम दुबे 3 गेंदों में 2 रन ही बना लाये। ऐसे में गंभीर की रणनीति पर फिर सवाल उठे हैं।बांग्लादेश के खिलाफ मैच में जो टीम शीट थी, उसके अनुसार सैमसन को पांचवे नंबर पर उतरना था पर वह नंबर 7 तक नजर नहीं आये। वहीं टीम के सहायक कोच रयान टेन डोएशे ने कहा था कि मैनेजमेंट संजू सैमसन को नंबर 5 पर उतारना चाहता था। सैमसन टी20 विश्व कप 2024 के बाद से ही पारी शुरु कर रहे थे पर शुभमन गिल की वापसी के कारण उन्हें अवसर नहीं मिल रहा। अपना बांग्लादेश के खिलाफ मैच में बल्लेबाजी क्रम में काफी बदलाव देखा गया।शिम दुबे नंबर तीन पर उतरे, चार पर कप्तान सूर्यकुमार यादव आए, पांच पर हार्दिक पांड्या, 6 पर तिलक वर्मा और सात पर अक्षर पटेल ने बल्लेबाजी की।इसपर पूर्व क्रिकेटर डोडा गणेश ने नाराजगी जतायी है।उन्होंने कहा, 'सैमसन को आठवें नंबर पर रखना किसी भी तरीके से गलत था।'




## विराट के विश्वकप खेलने की संभावनाएं कम हुई, बीसीसीआई से संवादहीनता भी बन रही कारण



मुम्बई ।भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के 2027 के एकदिवसीय विश्वकप में खेलने की संभावनाएं कम ही हैं।इसका कारण ये है कि विराट ने अभी तक अपने खेलने को लेकर किसी भी प्रकार के संकेत नहीं दिये हैं।वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार विराट और क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के बीच संवादहीनत से भी विराट के एकदिवसीय करियर को लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं हो रहा है।विराट ने इस साल टेस्ट से संन्यास ले लिया।पिछले साल उन्होंने भारत के टी20 विश्व कप जीतने के बाद वह प्रारुप छोड़ दिया था।वह एकदिवसीय में अंतिम बार भारत के लिए इस साल चैंपियंस ट्रॉफी में दिखे थे, जिसमें टीम इंडिया चैंपियन बनी थी।इस साल आईपीएल फाइनल के बाद कोहली प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से पूरी तरह दूर हैं।वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार टीम प्रबंधन चाहता है था कि अक्टूबर में होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होम सीरीज का हिस्सा रहें पर चयनकर्ताओं ने उनका नाम शामिल नहीं किया।वहीं ये भी कहा जा रहा है अक्टूबर में होने वाला ऑस्ट्रेलिया दौर विराट के करियर का अंतिम दौरा होगा।

# खत्म हो जाएगा मोहम्मद शमी का करियर ! वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में नहीं मिली जगह, अजीत अगरकर ने बताई बाहर होने की वजह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लंबे समय से टीम इंडिया से बाहर चल रहे टीम इंडिया के अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद शमी को एक बार फिर मौका नहीं मिला है। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए उनकी फिर अनदेखी हुई है। ये दूसरा मौका है जब वह टीम इंडिया में अपनी जगह नहीं बना पाए हैं। बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने शमी के बाहर ने की वजह बताई है। अजीत अगरकर ने कहा कि, उन्हें पता नहीं है कि शमी कितने फिट हैं और उन्होंने ज्यादा क्रिकेट नहीं खेली है।

बता दें कि, शमी ने आखिरी बार दलीप ट्रॉफी के दौरान लाल गेंद से क्रिकेट खेला था। ईस्ट जोन के लिए वह प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए। शमी ने भारत के लिए आखिरी टेस्ट मैच 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेला था। अगरकर ने कहा कि, इस तेज गेंदबाज ने पिछले कुछ सालों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा मैच नहीं खेले हैं और उन्हें टीम में वापसी के लिए घरेलू टूर्नामेंट में और ज्यादा प्रदर्शन करने की जरूरत है।

शमी के बारे में पूछने पर अगरकर ने कहा कि अभी उन्हें पता नहीं है कि वह कितने फिट हैं। उन्होंने कहा कि, हमें कोई अपडेट नहीं मिली है। मुझे लगता है कि उन्होंने पिछले 2-3 सालों में ज्यादा क्रिकेट नहीं खेली है। पिछले दो तीन साल में बंगाल के लिए एक मैच और दलीप ट्रॉफी का एक मैच खेला है। ऐसे में शमी के लिए टेस्ट करियर लगभग खत्म होने के कगार पर है।




# राहुल चाहर सरे की ओर से काउंटी क्रिकेट खेलने नजर आयेंगे

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय स्पिनर राहुल चाहर अब सरे की ओर से इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलने हुए नजर आयेंगे। राहुल को सरे ने हैम्पशर के ख़िलाफ होने वाले सत्र के अंतिम मैच के लिए शामिल किया है। सरे का प्रयास चौथी बार काउंटी चैंपियनशिप ख़िताब अपने नाम करना है। चाहर को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के नियमों के अनुसार, सितंबर की शुरुआत में सरे के लिए खेलने के लिए पंजीकृत किया गया था। नॉटिंघमशर के खिलाफ मैच में सरे को 20 रनों से हार मिली जिसका मतलब था कि ख़िताबी दौड़ का नियंत्रण नॉटिंघमशर के हाथ में चला गया। चाहर नियमित रूप से राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफ़ी में खेलते रहे हैं और इस सत्र के आईपीएल में भी सनराइज़र्स हैदराबाद के लिए एक उतरे थे। कुल मिलाकर, उन्होंने 24 प्रथम श्रेणी मैचों में 26.12 की औसत से 87 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 148 रन देकर 9 विकेट रहा है। उन्होंने 2019 और 2021 के बीच भारत के लिए एक वनडे और छह टी20 इंटरनेशनल मैच भी खेले हैं। उन्होंने 2019 और 2020 में मुंबई इंडियंस की खिताबी जीत में जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। चाहर ने कहा, मैं इस हफ़्ते के मैच के लिए सरे से जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। मैं यहां प्रभाव डालने और सीजन के आखिरी मैच में टीम की सहायता करने आ रहा हूं। उन्हें सरे के दोनों मौजूदा स्पिन गेंदबाजों , विल जैक्स और कैम स्टील के चोटिल होने के बाद टीम में शामिल किया गया है। क्लब के हाई-परफ़ॉर्मेंस सलाहकार, एलेक स्टीवर्ट ने कहा, राहुल को टीम में शामिल करने से हमें एक और स्पिन गेंदबाजी विकल्प मिल गया है। उन्होंने कहा, हमें हमेशा से पता था कि सत्र के आखिरी दौर में हमारे खिलाड़ी नहीं खेल पाएंगे और हमने संभावित मैदानों और जिस प्रतिद्वंद्वी टीम से हम खेल रहे हैं, उसे देखते हुए उसी के अनुसार योजना बनाने का प्रयास किया।

## महिला निशानेबाजों ने 50 मीटर राइफल प्रोन में किया क्लीन स्वीप



नयी दिल्ली ।भारतीय जूनियर महिला निशानेबाजों ने बृहस्पतिवार को यहां 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया तो वहीं पुरुषों ने इसी स्पर्धा में एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया जिससे देश ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में मजबूत शुरूआत की।कजाखस्तान में एशियाई चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस का जूनियर स्वर्ण पदक जीतने वाली युवा अनुष्का ठोकुर ने डा. कर्णी सिंह रेंज में 621.6 अंक से पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया।इस गैर ओलंपिक स्पर्धा में 18 साल की अंशिका ने 619.2 अंक से रजत पदक और 20 साल की आध्या अग्रवाल ने 615.9 अंक से कांस्य पदक जीता।पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में दीपेंद्र सिंह शेखावत ने रजत पदक और रोहित कन्यान ने कांस्य पदक हासिल किया।दीपेंद्र ने 617.9 अंक जबकि रोहित ने 616.3 अंक बनाए।इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट कामिल नुरियाखमेतोव ने 618.9 अंक बनाकर जीता।वहीं तीन अन्य भारतीय नितिन वाघमारे, कुशाग्र सिंह और कुणाल शर्मा क्रमशः पांचवें, आठवें और 11वें स्थान पर रहे।

## स्टोक्स एशेज में इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे, ब्रूक होंगे उपकप्तान

लंदन ।इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरु हो रही पांच मैचों की एशेज टेस्ट सीरीज के लिए ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को कप्तान बनाया है।वहीं उभरते हुए बल्लेबाज हैरी ब्रूक को उप–कप्तान बनाया गया है। एशेज सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम नवंबर की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया जाएगी।अनुभवी तेज गेंदबाज मार्क वुड और स्पिनर शोएब बशीर को भी टीम में शामिल किया गया है। युवा तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स और ऑलराउंडर विल जैक की भी टीम में वापसी हुई है। पॉट्स को एक साल बाद जबकि विल को तीन साल बाद फिर खेलने का अवसर मिला है। इंग्लैंड की टीम एशेज सीरीज के लिए नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी, जहां वह पांच टेस्ट मैच खेलेगी। एशेज सीरीज 21 नवंबर से शुरू होकर 8 जनवरी 2026 तक चलेगी।दोनों टीमों के बीच एशेज सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ में 21 से 25 नवंबर, दूसरा ब्रिस्बेन में 04 से 08 दिसंबर, तीसरा एडिलेड में 17 से 21 दिसंबर, चौथा मेलबोर्न में 26 से 30 दिसंबर और पांचवा मुकाबला 04 जनवरी से 08 जनवरी तक खेला जाएगा।



बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक (उप–कप्तान), ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, बेन डकेट, विल जैक्स, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टोंग, मार्क वुड।

# एशिया कप में कैच छोड़ना बना भारत की सबसे बड़ी चुनौती, भारत के आंकड़े चौंकाने वाले



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने एशिया कप 2025 के फ़ाइनल में जगह पक्की कर ली है और खिताब की रेस में वह सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है। लेकिन टीम की सबसे बड़ी चिंता है मैदान पर कैच छोड़ना। अब तक इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने 12 कैच छोड़े हैं, जो किसी भी टीम से ज़्यादा हैं। यह आंकड़ा बताता है कि टीम का सबसे कमजोर पहलू फ़ील्डिंग बनता जा रहा है।

**कैचिंग आंकड़े चौंकाने वाले**

भारत की कैचिंग सफलता दर केवल 67.5त्न है, जो हांगकांग चीन के बाद टूर्नामेंट में सबसे खराब है। दूसरे शब्दों में, हर तीसरे मौके पर गेंदबाज़ों की मेहनत बेकार चली जाती है। यही वजह है कि मज़बूत बैटिंग और गेंदबाज़ी के बावजूद भारत को फील्डिंग पर सवाल झेलने पड़ रहे हैं।

**वरुण चक्रवर्ती की साफ राय**

चार कैच तो अकेले वरुण चक्रवर्ती की गेंदबाज़ी पर छूटे हैं। बांग्लादेश मैच के बाद उन्होंने साफ शब्दों में कहा,

''इस टीम को विश्व कप तक एक मिशन के लिए चुना गया है। हमें फ़ील्डिंग में सुधार करना होगा। पिछले मैच के बाद कोच ने कुछ नहीं कहा था, लेकिन आज के बाद उनके पास कहने को बहुत कुछ होगा।'

**'रिंग ऑफ फायर' में मुश्किलें**

दुबई का इंटरनेशनल स्टेडियम, जिसे 'रिंग ऑफ फ़ायर' कहा जाता है, अपने फ्लडलाइट्स और नमी की वजह से फील्डरों के लिए मुश्किलें खड़ी करता है। गेंद अचानक नीचे गिरती हुई नज़र आती है और कई बार हाथ से फिसल जाती है। वरुण ने माना कि माहौल चुनौतीपूर्ण है, लेकिन साथ ही जोड़ा, 'इस स्तर पर आप बहाने नहीं बना सकते। हर कैच पकड़ना ही होगा।'

**फाइनल से पहले चेतावनी**

भारतीय टीम फाइनल तक पहुंच चुकी है, लेकिन अब एक भी गलती भारी पड़ सकती है। किसी बड़े मैच का पासा अक्सर एक ही छूटे कैच से पलट जाता है। ऐसे में कप्तान और फील्डिंग कोच के लिए यह सबसे अहम समय है कि टीम को फील्डिंग में अनुशासन और भरोसेमंद प्रदर्शन के लिए तैयार किया जाए। अगर भारत को एशिया कप जीतना है, तो बल्ला और गेंद के साथ-साथ फील्डिंग में भी बेस्ट देना होगा।

# डीआरडीओ और टाटा ने तैयार किया अत्याधुनिक व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म

**मॉड्यूलर लड़ाकू वाहन से भारत को रक्षा क्षेत्र में मजबूती, मोरक्को में टाटा की नई विनिर्माण इकाई शुरू**

**नई दिल्ली**

भारत ने रक्षा क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने मिलकर एक अत्याधुनिक पहियों वाला बख्तरबंद लड़ाकू वाहन व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म विकसित किया है। यह पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर आधारित है और अब इसके सभी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं। व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म एक आधुनिक मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म है, जिसे विभिन्न सैन्य अभियानों के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। इसमें स्केलेबल बैलिस्टिक और माइन प्रोटेक्शन, टिकाऊ मोनोकॉक हल, स्वतंत्र सस्पेंशन सिस्टम, सेंट्रल टायर इन्फ्लेशन सिस्टम और उच्च-शक्ति इंजन जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। ये सभी विशेषताएं इसे कठिन भू-भाग में भी कुशल संचालन के योग्य बनाती हैं। यह प्लेटफॉर्म विभिन्न प्रकार की सैन्य भूमिकाएं निभा सकता है जैसे कि पैदल सेना लड़ाकू वाहन, बख्तरबंद कार्मिक वाहक, टोही वाहन, कमांड पोस्ट, मोर्टार वाहक और सैन्य एम्बुलेंस। इसमें मानवयुक्त या मानवरहित रिमोट हथियार स्टेशन और एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल जैसी क्षमताएं भी जोड़ी जा सकती हैं। इससे जुड़ा एक और महत्वपूर्ण घटनाक्रम 23 सितंबर को देखने को मिला, जब भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लौदी ने मोरक्को के बेरेकिड में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की रक्षा विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया।।

# एआई बूम से चमके लैरी एलिसन, बने दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति

## 95 फीसदी संपत्ति दान करने का वादा

**मुंबई**

ओरेकल के सह-संस्थापक लैरी एलिसन अब दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, उनकी कुल संपत्ति 368 अरब डॉलर पहुंच गई है। इस साल एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) में आई तेजी के कारण ओरेकल के शेयरों में जबरदस्त उछाल देखा गया, जिससे एलिसन की संपत्ति में 176 अरब डॉलर का इजाफा हुआ।

अभी वे केवल टेस्ला के सीईओ एलन मस्क (458 अरब डॉलर) से पीछे हैं। एलिसन की संपत्ति भारत के शीर्ष 8 उद्योगपतियों मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, सावित्री जिंदल, शिव नाडर, शापूर मिस्त्री, सुनील मित्तल, लक्ष्मी मित्तल और अजीम प्रेमजी की कुल संपत्ति के बराबर है।

हालांकि, कम लोग जानते हैं कि एलिसन ने 2010 में गिविंग प्लेज पर हस्ताक्षर करते हुए अपनी 95 फीसदी संपत्ति दान करने का वादा किया था।

वे परंपरागत एनजीओ या चैरिटी के बजाय अपनी शर्तों पर और अपने संस्थान के ज़रिए परोपकार करना पसंद करते हैं। उनका प्रमुख परोपकारी मंच है इेलिशन इंस्टीटयूट आफ टेक्नोलॉजी (ईआईटी) जो स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और एआई रिसर्च जैसे क्षेत्रों में कार्य करता है।

ईआईटी का नया कैंपस 2027 तक ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में खुलेगा, जिसकी लागत 1.3 अरब डॉलर है।

हालांकि, हाल ही में संस्थान को नेतृत्व संकट का सामना करना पड़ा। 2024 में नियुक्त रिसर्च प्रमुख जॉन बेल ने 2025 में इस्तीफा दे दिया। इसके बाद मिशिगन यूनिवर्सिटी के पूर्व अध्यक्ष सांता ओनो को परियोजना में जोड़ा गया।

# मानस पॉलिमर्स एंड एनर्जीज़ लिमिटेड का आईपीओ 26 सितंबर को खुलेगा

**मुंबई**



पॉलीमर और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सक्रिय मानस पॉलिमर्स एंड एनर्जीज़ लिमिटेड, अपने व्यापार को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। कंपनी ने अपने बहुप्रतीक्षित आईपीओ की घोषणा की है, जो 26 सितंबर 2025 को खुलेगा और 30 सितंबर 2025 को बंद होगा।

यह सार्वजनिक निर्गम कंपनी की महत्वाकांक्षी योजनाओं को साकार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

कंपनी इस आईपीओ के माध्यम से ₹23.52 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रखती है, जिसमें 29.04 लाख नए शेयर जारी किए जाएँगे। शेयरों का मूल्य ₹76 से ₹81 प्रति शेयर निर्धारित किया गया है और इसका लॉट साइज़ 1600 शेयर होगा। जुटाई गई पूँजी का उपयोग मुख्य रूप से सोलर पावर प्लांट की स्थापना के लिए किया जाएगा, जिसके लिए ₹1,350 लाख आवंटित किए गए हैं। कंपनी का लक्ष्य अपनी सौर ऊर्जा क्षमता को 1 मेगावाट से बढ़ाकर 5 मेगावाट करना है।

मानस पॉलिमर्स के प्रबंध निदेशक विनीत भदौरिया ने इस अवसर पर कहा, यह आईपीओ हमारी विकास यात्रा का एक निर्णायक मोड़ है। हम निवेशकों को हमारे भविष्य के विकास का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं।

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। इस दौरान इसका राजस्व ₹3,154.4 लाख रहा, जबकि एबिटा और पीएटी क्रमशः ₹570.8 लाख (18.1त्न मार्जिन) और ₹429.3 लाख (13.6त्न मार्जिन) रहे। ग्वालियर, मध्य प्रदेश में स्थित अपने अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र से, मानस पॉलिमर्स पीईटी प्रीफॉर्म, बोतलें, जार और कैप्स का उत्पादन करती है और इसे 16 राज्यों में आपूर्ति करती है।

इसके साथ ही, कंपनी अक्षय ऊर्जा उत्पादन में भी सक्रिय है, जो स्वच्छ ऊर्जा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

# भारत में ट्रैक्टर और टू-व्हीलर सेगमेंट में बंफर ब्रिकी की उम्मीद

**नई दिल्ली**



भारत में ट्रैक्टर और टू-व्हीलर सेगमेंट वित्त वर्ष 2025 में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। आईसीआरए की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रैक्टर इंडस्ट्री में चालू वित्त वर्ष में 4-7 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है, जबकि टू-व्हीलर इंडस्ट्री में भी अच्छी बढ़त दर्ज होने की बात की जा रही है। ट्रैक्टर सेगमेंट ने अब तक वित्त वर्ष में अच्छा प्रदर्शन किया है। अगस्त 2025 में थोक बिक्री सालाना आधार पर 28.2 प्रतिशत बढ़ी, और वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में कुल वृद्धि 11.7 प्रतिशत रही। खुदरा बिक्री भी पिछले वर्ष की तुलना में अगस्त में 30.1 प्रतिशत बढ़ी, जो किसानों के सकारात्मक रुख को दिखाती है। आईसीआरए ने बताया कि 17 सितंबर तक देश में औसत बारिश 108 प्रतिशत रही, इससे कृषि गतिविधियों और ग्रामीण मांग में तेजी दिखाई दी है। ट्रैक्टर पर 5 प्रतिशत जीएसटी रेट और आगामी बीएस-6 उत्सर्जन मानदंड (1 अप्रैल 2026 से लागू) के कारण प्री-बाइंग की गतिविधियां भी बढ़ेंगी। स्थिर मांग, परिचालन लाभ और कच्चे माल की स्थिर कीमत के चलते ट्रैक्टर निर्माताओं का वित्तीय प्रदर्शन बेहतर रहेगा। दूसरी ओर, टू-व्हीलर इंडस्ट्री में अगस्त में थोक बिक्री 7.2 प्रतिशत बढ़कर 18 लाख यूनिट हुई। हालांकि, भारी बारिश और जीएसटी लाभ की उम्मीद के कारण खुदरा बिक्री में केवल 2.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। निर्यात ने भी योगदान दिया, अगस्त में विदेशी शिपमेंट 27.5 प्रतिशत बढ़ा। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की बिक्री में भी लगातार सुधार जारी है, अगस्त में 1,04,725 यूनिट बिकीं, जो पिछले महीने से 1.8 प्रतिशत अधिक है। टू-व्हीलर सेगमेंट में ईवी पेनेट्रेशन करीब 6-7 प्रतिशत पर स्थिर है। चालू वित्त वर्ष में घरेलू टू-व्हीलर बिक्री 6-9 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रिप्लेसमेंट डिमांड, शहरी बाजार में सुधार, अच्छी मानसून बारिश और जीएसटी कट से वाहन अधिक किफायती होंगे, जिससे सेगमेंट को मजबूती मिलेगी और उपभोक्ता खरीदारी बढ़ेगी। इस प्रकार, मजबूत मानसून, टैक्स रियायत और इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती लोकप्रियता इस वित्त वर्ष में ट्रैक्टर और टू-व्हीलर इंडस्ट्री के लिए सकारात्मक संकेत हैं।

# रूस से कच्चे तेल का आयात सितंबर में बढ़ने की संभावना

## भारत ने रूस से अब तक औसतन 16.3 लाख बैरल प्रति दिन कच्चा तेल आयात किया

**नई दिल्ली**

अगस्त की तुलना में सितंबर में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ने की संभावना है। केप्लर के शिप ट्रैकिंग डेटा के अनुसार 24 सितंबर तक भारत ने रूस से औसतन 16.3 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) कच्चा तेल आयात किया है। अगस्त में यह आंकड़ा 17.1 लाख बीपीडी था। महीने के अंत तक रूस से तेल आयात में लगभग 2 लाख बीपीडी की वृद्धि होने की उम्मीद है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की बीना रिफाइनरी में फिर से रूस से तेल आयात शुरू होने से यह वृद्धि संभव हो पाई है। अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया था, जो अब कुल 50 प्रतिशत हो गया है। इसके बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा है। यूरोपीय संघ ने भी रूस से तेल पर मूल्य सीमा घटाकर 47.6 डॉलर प्रति बैरल कर दी है और कुछ रिफाइनरियों पर प्रतिबंध लगाए हैं। फिर भी, भारत के रिफाइनर रूस से कच्चा तेल खरीद रहे हैं क्योंकि सरकार की ओर से आयात रोकने का कोई निर्देश नहीं आया है। भारत ने रूस के अलावा सऊदी अरब, इराक, और संयुक्त अरब अमीरात से भी कच्चे तेल का मजबूत आयात जारी रखा है। सितंबर में सऊदी अरब और इराक से क्रमशः 6.05 लाख और 7.86 लाख बीपीडी तेल आयात हुआ। यूएई से तेल आयात भी 5.32 लाख बीपीडी पहुंच गया है। साथ ही, अमेरिका से भी भारत का तेल आयात लगभग



2.2 लाख बीपीडी बना हुआ है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत आयात पर निर्भर करता है, जबकि केवल 15-25 प्रतिशत घरेलू उत्पादन होता है। इसलिए भारत तेल आपूर्ति में विविधता लाने का प्रयास कर रहा है ताकि भू-राजनीतिक जोखिमों से बचा जा सके।

# देश के सात शहरों में कार्यालय स्थल की पट्टा मांग में एक फीसदी गिरावट

**जुलाई-सितंबर तिमाही में सात प्रमुख शहरों में कुल मांग 172 लाख वर्ग फुट रही**

**नई दिल्ली** देश के वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र में जुलाई-सितंबर 2025 तिमाही के दौरान हल्की सुस्ती देखने को मिली है। एक रियल एस्टेट सलाहकार की रिपोर्ट के अनुसार इस तिमाही में देश के सात प्रमुख शहरों में ऑफिस पट्टे की सकल मांग 1 प्रतिशत घटकर 172 लाख वर्ग फुट रह गई। पिछले वर्ष की समान अवधि में यह मांग 174 लाख वर्ग फुट थी। रिपोर्ट के मुताबिक, इस गिरावट की मुख्य वजह बेंगलुरु, हैदराबाद और दिल्ली-एनसीआर जैसे प्रमुख बाजारों में मांग में आई भारी कमी है। बेंगलुरु में पट्टे की मांग 25 फीसदी घटकर 47 लाख वर्ग फुट रही। दिल्ली-एनसीआर में यह 33 फीसदी गिरकर 16 लाख वर्गफुट पर आ गई वहीं हैदराबाद में 48 फीसदी तक की गिरावट संभावित है। हालांकि रिपोर्ट में इन शहरों में गिरावट के कारणों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है। इसके विपरीत, मुंबई, पुणे और चेन्नई जैसे शहरों में ऑफिस पट्टे की मांग में वृद्धि की संभावना जताई गई है, जिससे बाजार को संतुलन मिला है।

# फ्लोर मिल्स ने केंद्र से गेहूं स्टॉक सीमा बढ़ाने का आग्रह किया



**नई दिल्ली** रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने केंद्र सरकार से गेहूं सत्र की शुरुआत पर स्टॉक सीमा को मौजूदा 75 लाख टन से लगभग 140 फीसदी बढ़ाकर लगभग 184 लाख टन करने का अनुरोध किया है। यह मात्रा सार्वजनिक वितरण प्रणाली की वार्षिक जरूरत के बराबर है। फेडरेशन के एक अे धिकारी के अनुसार, इससे गेहूं के दामों में उतार-चढ़ाव पर नियंत्रण रहेगा और बाजार में स्थिरता बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह कदम गेहूं बाजार को निश्चितता देगा और सरकार की भंडारण क्षमता एवं सब्सिडी नीति में भी सुधार होगा। उत्तर भारत के विशेषकर पंजाब राज्य में बाढ़ के कारण खेतों में जमा हुई गाद के चलते गेहूं की बोआई में देरी होने की संभावना जताई गई है। पंजाब के पांच जिलों में खेतों से बाढ़ की गाद हटाने में कुछ हफ्ते लग सकते हैं, जो गेहूं उत्पादन पर असर डाल सकता है। चितलांगिया ने मवेशियों के स्वास्थ्य और दूध की गुणवत्ता पर डीडीजीएस (ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स विद सॉल्यूबल्स) के प्रभाव का व्यापक अध्ययन कराने का भी आग्रह किया। उन्होंने बताया कि डीडीजीएस की बढ़ती मात्रा से मवेशियों के पाचन तंत्र और दीर्घकालिक उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

# आईवैल्यू इंफोसॉल्यूशंस का शेयर पांच प्रतिशत की गिरावट पर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली** आईवैल्यू इंफोसॉल्यूशंस` लिमिटेड का शेयर गुरुवार को शेयर बाजार में अपने निर्गम मूल्य 299 रुपए के मुकाबले करीब 5 फीसदी की गिरावट के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर की शुरुआत 285 रुपए पर हुई, जो निर्गम मूल्य से 4.68 फीसदी कम है। बाद में यह और गिरकर 274.05 रुपए तक पहुंच गया, जो 8.34 फीसदी की गिरावट दर्शाता है। एनएसई पर शेयर 284.95 रुपए पर लिस्ट हुआ। कंपनी के 560 करोड़ रुपए के आईपीओ को अंतिम दिन 1.82 गुना अभिदान मिला था, जिसमें प्राइस बैंड 284-299 रुपए रखा गया था। कमजोर लिस्टिंग से संकेत मिलता है कि निवेशकों का उत्साह सीमित रहा। बाजार विशेषज्ञ इसके पीछे बाजार की मौजूदा अस्थिरता और प्राइसिंग को संभावित कारण मान रहे हैं। निवेशकों को अब कंपनी की लंबी अवधि की संभावनाओं पर ध्यान देना चाहिए।

# सेबी के एनओसी के बाद आठ-नौ महीने में आएगा एनएसई का आईपीओ

**नई दिल्ली** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आईपीओ को मंजूरी मिलने में करीब 8 से 9 महीने लग सकते हैं। एनएसई के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि सेबी से जून 2025 में सेटलमेंट के लिए आवेदन किया गया था। सेबी से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) मिलने के बाद आरएचपी (ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस) तैयार करने में 4-5 महीने लगेंगे। इसके बाद आरएचपी जमा कराकर आईपीओ की अंतिम मंजूरी में फिर 4-5 महीने का समय और लगेगा। कुल मिलाकर, एनओसी मिलने के बाद 8-9 महीने में एनएसई का आईपीओ बाजार में आ जाएगा।

# अब कतर में भी चलेगा यूपीआई

**भारतीयों के लिए आसान हुआ डिजिटल पेमेंट**

**मुंबई** भारत का लोकप्रिय डिजिटल पेमेंट सिस्टम यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) अब कतर में भी शुरू हो गया है। यह सुविधा एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) और कतर नेशनल बैंक (क्यूएनबी) के बीच हुई साझेदारी के तहत शुरू की गई है। इसके अंतर्गत अब क्यूएनबी के प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनों पर भारतीय यूपीआई ऐप्स के जरिए क्यूआर कोड स्कैन कर पेमेंट किया जा सकेगा। इस सेवा की शुरुआत कतर ड्यूटी फ्री से हुई है, जो यूपीआई स्वीकार करने वाला पहला मर्चेंट बना है। कतर जाने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों में भारतीयों की संख्या काफी अधिक है, और अब उन्हें करेंसी एक्सचेंज या कैश ले जाने की परेशानी नहीं होगी। अब भारतीय यात्री दुकानों, रेस्टोरेंट्स और टूरिस्ट स्थानों पर मोबाइल से तुरंत और सुरक्षित पेमेंट कर सकेंगे। यह सुविधा न केवल यात्रियों के लिए फायदेमंद है, बल्कि कतर की अर्थव्यवस्था को भी लाभ पहुंचाएगी।

# शिप निर्माण और समुद्री इकोसिस्टम को नई रफ्तार, केंद्र ने शुरू की मेगा योजना

**पानी के जहाज निर्माण के लिए 69,725 करोड़ रुपये का पैकेज**



**नई दिल्ली** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत में पानी के जहाजों के निर्माण और क्षमता विकास के लिए 69,725 करोड़ रुपये के व्यापक पैकेज को मंजूरी दी है। यह पैकेज तीन मुख्य योजनाओं में विभाजित है: संशोधित जहाज निर्माण वित्त सहायता योजना (24,736 करोड़), समुद्री विकास कोष (25,000 करोड़) और जहाज निर्माण क्लस्टर विकास कार्यक्रम (19,989 करोड़)। यह योजना घरेलू क्षमता मजबूत करने, लंबी अवधि के ऋण प्रदान करने, नई परियोजनाएं विकसित करने और तकनीकी कौशल सुधारने पर केंद्रित है। इस एक दशक की योजना में 4.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा और 2,500 पानी के जहाजों का निर्माण होगा। मंत्रिमंडल ने अगले चार वर्षों में मेडिकल शिक्षा में 10,000 अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट सीटों के विस्तार की मंजूरी दी है। इसके तहत सरकारी मेडिकल कॉलेजों की मौजूदा 5,023 एमबीबीएस सीटों को बढ़ाया जाएगा, जिससे चिकित्सा क्षेत्र में शिक्षा की पहुंच और गुणवत्ता दोनों में सुधार होगा। राष्ट्रीय राजमार्ग 139 डब्ल्यू साहेबगंज-अरेराज-बेतिया खंड के 78.94 किलोमीटर हिस्से को चार लेन करने की योजना को मंजूरी मिली है, जिसकी अनुमानित लागत 3,822.31 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, बिहार में बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया रेलवे लाइन (104 किमी) के डबलिंग के लिए 2,192 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 555, निफ्टी 166 अंक नीचे आया

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी रहने से आई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 555.95 अंक नीचे आकर 81,159.68 और 50 शेयरों वाला एनएस निफ्टी 166.05 अंक टूटकर 24,890.85 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान आईटी , फार्मा और हेल्थकेयर शेयरों के नीचे आने से बाजार पर दबाव पड़ा। निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.27 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। वहीं निफ्टी ऑटो 0.92 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक 0.52 फीसदी, निफ्टी वित्तीय सेवा 0.53 फीसदी और निफ्टी रियल्टी 1.65 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। केवल निफ्टी मेटल 0.22 फीसदी और निफ्टी इंडिया डिफेंस 0.67 फीसदी बढ़कर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान ट्रेंट, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टीसीएस, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एमएंडएम,एचसीएल टेक, एलएंडटी, टाइटन और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर सबसे अधिक नीचे आये जबकि बीईएल, भारती एयरटेल और एक्सिस बैंक के शयरों को सबसे अधिक लाभ हुआ। जानकारों के अनुसार निवेशकों के सतर्क रवैये से भी बाजार नीचे आया है। एच-1बी वीजा नियमों में संभावित बदलाव को लेकर भी आईटी सेक्टर पर दबाव बना हुआ है, जिससे भी बाजार में अस्थिरता देखी गयी।




इससे पहले आज सुबह बाजार की कमजोर शुरुआत हुई। एशियाई बाजारों से मिले-जुले रुख और विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली के कारण निवेशकों में सतर्कता देखी गई। हालांकि शुरुआती गिरावट के बाद घरेलू खरीदारी के समर्थन से बाजार थोड़ा संभला। बीएसई सेंसेक्स 100 से अधिक अंकों की गिरावट के साथ 81,574 पर खुला, वहीं, निफ्टी-50 ने 25,034 के स्तर से शुरुआत की और थोड़ी ही देर में 25,072 पर पहुंच गया, जो 0.06 फीसदी की मामूली बढ़त दर्शाता है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने बुधवार को भारतीय बाजारों से 2,426 करोड़ की बिकवाली की। वैश्विक बाजारों से भी उत्साहजनक संकेत नहीं मिले। अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरे। नैस्डैक 0.33 फीसदी, एसएंडपी 500 में 0.28 फीसदी और डॉव जोन्स में 0.37 फीसदी की गिरावट रही।

# अर्थव्यवस्था ने दिखाई मजबूती, दूसरी छमाही में अच्छी वृद्धि के संकेत: आरबीआई

## रीपो दर में कटौती, आयकर में राहत और रोजगार बढ़ाने के उपायों से निवेश और उपभोग को बल

**नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ताजा मासिक आर्थिक रिपोर्ट में कहा गया है कि मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों के साझा प्रभाव से भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी आने की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार, नीतिगत रीपो दर में 100 आधार अंकों की कटौती, आयकर में राहत और रोजगार सृजन के उपायों से निवेश और विकास का सकारात्मक चक्र शुरू हो सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हालिया वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से खुदरा कीमतों में गिरावट आएगी, जिससे उपभोग मांग को बल मिलेगा। अगस्त के उच्च आवृत्ति संकेतकों के आधार पर आरबीआई ने आर्थिक गतिविधियों में मजबूती का संकेत दिया है। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र दशक के उच्चतम स्तर पर हैं। वित्त वर्ष 2026 में आरबीआई ने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया है, जिसमें तीसरी तिमाही में 6.6 फीसदी और चौथी तिमाही में 6.3 फीसदी वृद्धि की संभावना है। पहली तिमाही में अनुमानित 6.5 फीसदी की तुलना में वास्तविक वृद्धि 7.8 फीसदी रही, जो पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि अमेरिका द्वारा आयात शुल्क बढ़ाए जाने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था ने लचीलापन दिखाया है। एसएंडपी द्वारा सॉवरिन रेटिंग में सुधार भी भारत की आर्थिक मजबूती का संकेत है।




# हर 10 में से 4 रूफटॉप सोलर आवेदन हुए खारिज, सिबिल स्कोर बना बड़ी वजह

**नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबीएस) ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत फरवरी 2024 में इसकी शुरुआत से अगस्त 2025 तक प्राप्त कुल 8,03,515 आवेदनों में से 3,05,667 आवेदन खारिज कर दिए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि 38.03 प्रतिशत आवेदनों को अस्वीकार कर दिया गया है। घर की छतों पर सौर बिजली संयंत्र लगाने को बढ़ावा देने और 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने के लिए फरवरी 2024 में करीब 75,021 करोड़ रुपये आवंटन के साथ योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत सरकारी बैंकों ने कुल 447,736 आवेदन स्वीकार कर लगभग 8,417.5 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। सरकारी बैंकों के अलावा निजी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां भी इस योजना के तहत ऋण को मंजूरी देती हैं। इस साल अगस्त में केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी द्वारा संसद में दिए गए जवाब में बताया कि राष्ट्रीय पोर्टल पर कुल 58 लाख आवेदन आए और इस साल 31 जुलाई तक इस योजना के तहत 16 लाख परिवारों को रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन का लाभ मिला है। सरकारी पोर्टल के मुताबिक योजना के तहत 16 लाख रूफटॉप संयंत्र लगाए गए हैं, जबकि 61 लाख आवेदन मिले थे।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 26 सितंबर 2025
Www.vishalindia.in



# ब्लैक कॉमेडी फिल्म लॉर्ड कर्जन की हवेली में नजर आने वाली हैं रसिका दुग्गल

**मिर्जापुर वेब सीरीज में बीना त्रिपाठी के किरदार से मशहूर हुईं एक्ट्रेस रसिका दुग्गल जल्द ही एक ब्लैक कॉमेडी फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का नाम है लॉर्ड कर्जन की हवेली। रसिका दुग्गल ने फिल्म लॉर्ड कर्जन की हवेली का एक शानदार पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया। फिल्म के इस पोस्टर में फिल्म के मुख्य कलाकार नजर आ रहे हैं।**

लॉर्ड कर्जन की हवेली इस साल 10 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन अंशुमान झा ने किया है, जो उनकी पहली निर्देशित फिल्म है। इस फिल्म में अर्जुन माथुर, तन्मय धनानिया और परेश पाहुजा भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

### लॉर्ड कर्जन की हवेली


मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फिल्म पूरी तरह से ब्रिटेन में एक ही लेंस से शूट की गई है। यह एक रहस्यमयी और मजेदार कहानी है, जिसमें कॉमेडी, थ्रिलर और पहचान जैसे विषयों को दर्शाया गया है। रसिका ने बताया कि फिल्म का प्रीमियर मेलबर्न में हुआ था और इसे कई फिल्म समारोहों में दर्शकों ने खूब पसंद किया। खास तौर पर शिकागो में दर्शकों के साथ इसे देखने का अनुभव उन्हें बहुत अच्छा लगा। फिल्म का निर्माण गोल्डन रेशियो फिल्म्स और फर्स्ट रे फिल्म्स ने मिलकर किया है। इस फिल्म को मैक्स मार्केटिंग लिमिटेड प्रस्तुत कर रहा है।

### सेलेब्स ने दी शुभकामनाएं

एक्टर संजय बिश्नोई ने रसिका की इस पोस्ट पर क्लैप इमोजी शेयर किया है। वहीं रसिका के फैंस उनकी इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं। एक फैन ने लिखा, अरे वाह नया वाला.. बहुत अच्छा लग रहा है.. इसे देखने के लिए उत्साहित हूं, एक और फैन ने लिखा, वाह, यह तो बहुत बढ़िया है, हवेली के लिए शुभकामनाए।



# द बैड्स ऑफ बॉलीवुड फेम साहेर बंबा ने बताया आर्यन खान के साथ काम करने का अनुभव



अभिनेत्री साहेर बंबा ने हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपने अनुभवों को साझा किया है। इस सीरीज में वह करिश्मा तंवर का किरदार निभा रही हैं। इस शो में उनका सबसे खास अनुभव आर्यन खान के साथ काम करना था। साहर ने कहा, आर्यन एक तरह से हार्ड टास्क मास्टर हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वह एकदम सख्त हैं। वह कलाकारों से उनके बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं। वह केवल स्क्रिप्ट तक सीमित नहीं रहते, बल्कि कलाकारों को अपने किरदार की गहराई तक पहुंचने के लिए प्रेरित करते हैं। उनके काम के प्रति लगाव और स्पष्ट सोच देखकर ऐसा लगता है कि वह किसी अनुभवी निर्देशक से कम नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा, निर्देशक के तौर पर आर्यन सेट पर पूरी तरह से उपस्थित रहते हैं और काम को लेकर उनका ध्यान हर छोटी से छोटी बात पर होता है। आर्यन के साथ काम करते हुए मुझे कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि मैं एक नए निर्देशक के साथ काम कर रही हूं। बल्कि, ऐसा लगा जैसे मैं ऐसे निर्देशक के साथ काम कर रही हूं जो दशकों से इस क्षेत्र में है। सेट पर चाहे कितनी भी मुश्किलें क्यों न हों, आर्यन पूरी शांति से अपने काम को संभालते हैं और किसी भी परेशानी से घबराते नहीं हैं। उनकी यह स्थिरता पूरे सेट के लिए एक प्रेरणा की तरह होती है। साहर ने बताया, आर्यन बहुत संवेदनशील और विचारशील व्यक्ति हैं। शूटिंग खत्म होने के बाद भी वह कलाकारों की परवाह करते हैं। वह कई बार शूटिंग खत्म होने के बाद कॉल करके पूछते थे कि कलाकारों को अपने सीन कैसे लगे, क्या वे अपने प्रदर्शन से खुश हैं या कोई सुधार चाहिए। यह छोटे-छोटे काम दिखाते हैं कि वह अपने कलाकारों की कितनी परवाह करते हैं। इस तरह का व्यवहार किसी भी कलाकार को आत्मविश्वास देता है। द बैड्स ऑफ बॉलीवुड वेब सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।



# आवेज दरबार से रिश्ते के बारे में बताने की जरूरत नहीं



हाल ही में 'बिग बॉस 19' के घर से बाहर हुईं अभिनेत्री नगमा मिराजकर ने साथी कंटेस्टेंट आवेज दरबार के साथ अपने रिश्ते को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं थीं। उन्होंने एक विशेष बातचीत में अपने रिश्ते और बिग बॉस हाउस में चल रहे लव एंगल्स पर बात की। अपने और आवेज के रिश्ते पर बात करते हुए नगमा ने कहा, मैं आवेज दरबार को लंबे समय से जानती हूं और उनके बारे में कोई बात मुझसे छुपी नहीं है। मुझे किसी को भी हमारे रिश्ते के बारे में बताने की जरूरत नहीं है। हम एक-दूसरे को जानते हैं और यही मायने रखता है।

शादी की प्लानिंग के बारे में बात करते हुए नगमा ने ने कहा, वह और आवेज जल्द ही शादी करने की योजना बना रहे हैं। मैं चाहती हूं कि वह बिग बॉस में अंत तक रहे और जीतकर वापस आए। उसके बाद इंशाअल्लाह, हम शादी के बंधन में बंध जाएंगे। नगमा को कुछ प्रोजेक्ट में इसलिए लिया गया कि वो आवेज दरबार को जानती हैं, इस पर नगमा बोलीं, मुझे लगता है कि ऐसा कहना अनुचित है। हमने एक-दो गानों पर साथ काम किया है, लेकिन यह दावा करना कि हमें कनेक्शन के जरिए काम मिलता है, सही नहीं है। हर किसी को अपनी मेहनत और प्रतिभा से काम मिलता है। हमने यहां तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है और ईश्वर की दया से हम अपनी मेहनत से आगे बढ़ते रहेंगे। नगमा ने कहा कि वह बाहर से ही आवेज दरबार को सपोर्ट कर रही हैं और चाहती हैं कि इस बार वह विनर बनें।

# नोरा फतेही ने इंटरनेशनल पंजाबी एंथम के बाद बांग्ला गाने की दी झलक

हाल ही में, ग्लोबल स्टार नोरा फतेही ने यो यो हनी सिंह के साथ अपने धमाकेदार इंटरनेशनल पंजाबी एंथम, आई एम सो रिच की घोषणा की। इस ट्रैक को पहले से ही अगला ग्लोबल पार्टी एंथम माना जा रहा है। लेकिन यह एंथम रिलीज़ होने से पहले ही, नोरा ने संगीतकार संजॉय के साथ अपनी हालिया बातचीत से एक नया उत्साह जगा दिया है — इस बार बांग्ला में! यह हल्की-फुल्की बातचीत जल्द ही एक मज़ेदार वादा बन गई, जब नोरा ने हँसते हुए कहा, दोस्तों, मुझे नहीं पता इस आदमी ने मुझसे क्या करवाने के लिए राजी कर लिया है... हम एक बांग्ला गाना कर रहे हैं। मेरे लिए दुआ करना! संजॉय ने तो एक संभावित हुक लाइन भी सुझा दी- की माया, लगाइसो।

अगर यह प्रयोग साकार होता है, तो बांग्ला दर्शकों को जल्द ही नोरा की आवाज़ में अपनी भाषा का कोरस सुनने को मिल सकता है — और यह उनकी बहुभाषी ग्लोबल आर्टिस्ट की पहचान को और मजबूत करेगा। नोरा ने कहा, सिर्फ ग्लोबल होना ही नहीं, बल्कि हर संस्कृति को सच्चे दिल से सेलिब्रेट करना ज़रूरी है। इस बीच, अपने संगीत प्रयोगों के अलावा, नोरा फ़तेही बड़े पर्दे पर भी अपने पंख फैला रही हैं — वह कंचना 4 में लीड रोल में नज़र आएंगी और कई नए प्रोजेक्ट्स की तैयारी में हैं। चाहे संगीत हो या सिनेमा, यह ग्लोबल स्टार फिलहाल रुकने के मूड में नहीं है।

संगीतकार संजॉय के साथ एक मज़ेदार बातचीत के दौरान नोरा ने बंगाली गाने में अपनी आवाज़ देने की संभावना को छेड़ा। संजॉय ने जब उन्हें बांग्ला कोरस गाने का सुझाव दिया, तो नोरा — जो पहले ही अरबी, स्वाहिली और पंजाबी में गा चुकी हैं — उन्होंने माना कि बांग्ला बहुत खूबसूरत लेकिन थोड़ा डर लग रहा है। उन्होंने मज़ाक में पूछा, अगर मैं बेवकूफ जैसी लगूं तो? जिस पर संजॉय ने भरोसा दिलाया, नहीं, तुम नहीं लगोगी। हम इसे एक जश्न बनाएंगे।



# यश के साथ टॉक्सिक में दिखेंगी रुक्मिणी वसंत



ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म कांतारा चैप्टर 1 में अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत अहम भूमिका निभाएंगी। आज इस फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ है। रुक्मिणी के पास ऋषभ शेट्टी के बाद एक और साउथ सुपरस्टार की फिल्म भी है। वे केजीएफ फेम रॉकी भाई उर्फ यश की अगली फिल्म में भी नजर आएंगी।

### यश की इस फिल्म में नजर आएंगी रुक्मिणी

रुक्मिणी साउथ सुपरस्टार यश की अगली बहु चर्चित फिल्म टॉक्सिक में भी नजर आएंगी। रुक्मिणी वसंत चर्चित एक्ट्रेस हैं, जो साउथ इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। वे मुख्य रूप से कन्नड़ तमिल और तेलुगु फिल्मों में काम करती हैं। उन्होंने बीरबल (2019) से अपने करियर की शुरुआत की थी।

### कब रिलीज होगी कांतारा चैप्टर 1

रुक्मिणी ने हाल के दिनों में कांतारा चैप्टर 1 में अपनी एंट्री को लेकर सुर्खियों बटोरीं। इसके बाद रुक्मिणी यश की टॉक्सिक और प्रशांत नील-जूनियर एनटीआर की फिल्म ड्रैगन में भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। बता दें कि 'कंतारा: चैप्टर 1' के निर्देशन की कमान भी ऋषभ शेट्टी ने संभाली है। यह होम्बले फिल्म्स के सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक है। यह फिल्म दो अक्तूबर को दशहरा के मौके पर रिलीज होगी।



# 'निशानची' में रिंकू के किरदार में हो रही वेदिका पिंटो की चर्चा

**अनुराग कश्यप की फिल्म 'निशानची' रिलीज हो चुकी है। फिल्म को लेकर काफी चर्चा हो रही है। अब रिलीज के बाद भी दर्शकों से फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म के रिलीज होने के बाद अब मुख्य अभिनेता ऐश्वर्य ठाकरे के अलावा अगर किसी की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, तो वो हैं वेदिका पिंटो। वेदिका 'निशानची' की हीरोइन हैं।**

### बचपन से डांस में थी रुचि

मुंबई में एक ईसाई परिवार में जन्मीं वेदिका पिंटो के पिता जॉनी पिंटो एक हिंदी फिल्म बिजनेस एसोसिएट थे और मां बैंकर हैं। वेदिका को शुरू से ही एक्टिंग और डांस में रुची थी। स्कूल के समय में उन्होंने कई नेशनल और इंटरनेशनल डांस प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से ग्रेजुएशन किया है।

### म्यूजिक वीडियो 'लिग्गी'से मिली पहचान

बॉलीवुड में एंट्री से पहले वेदिका कुछ एक म्यूजिक वीडियो में नजर आई हैं। वेदिका को पहचान 2019 में आए ऋत्विज के म्यूजिक वीडियो 'लिग्गी' से मिली। यह गाना काफी पसंद किया गया इसके बाद वो अरमान मलिक के गाने 'बस तुझसे प्यार हो' में भी नजर आईं।

### 'ऑपरेशन रोमियो' से की बॉलीवुड में शुरुआत

कई ऑडिशन देने के बाद वेदिका को पहली फिल्म मिली साल 2022 में, जब वो नीरज पांडे द्वारा निर्मित 'ऑपरेशन रोमियो' में नजर आईं। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। इसके बाद वो आदित्य रॉय कपूर और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'गुमराह' में नजर आईं। यह फिल्म भी कुछ खास नहीं रही।

### सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं वेदिका

वेदिका सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वो अपने इंस्टाग्राम पर अक्सर अपनी फोटोज शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर वेदिका के 2 लाख 53 हजार से अधिक फॉलोअर्स हैं।

## 'निशानची' में वेदिका ने निभाया है डांसर का किरदार

'निशानची' वेदिका पिंटो की तीसरी फिल्म है। इस फिल्म में वेदिका ने रिंकू का किरदार निभाया है, जो एक डांसर है। फिल्म में वेदिका के अभिनय की काफी तारीफ भी हो रही है। अनुराग कश्यप ने भी हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान वेदिका के अभिनय की तारीफ की थी। अब देखना ये है कि क्या 'निशानची' वेदिका के करियर में मील का पत्थर साबित होगी या नहीं?




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in